अंक 123

राविरा

राजस्व प्रवृत्तियों एवं गतिविधियों की त्रैमासिकी

राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के मुख्यातिथ्य में
गाँधी जयंती के अवसर पर प्रशासन गांवों के संग एवं
प्रशासन शहरों के संग अभियान का राज्य स्तरीय
शुभारंभ समारोह।

संरक्षक
श्री राजेश्वर सिंह
अध्यक्ष
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

परामर्शदाता
श्रीमती मंजू राजपाल, सदस्य
श्री सीआर मीणा, सदस्य
श्री हरिशंकर गोयल, सदस्य
श्री सुरेन्द्र माहेश्वरी, सदस्य
श्री रामनिवास जाट, सदस्य
श्री गणेश कुमार, सदस्य
श्री पंकज नरूका, सदस्य
श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित, सदस्य
श्री रवि डांगी, सदस्य
श्री श्रवण कुमार बुनकर, सदस्य

वरिष्ठ संपादक
डॉ. मोहन लाल यादव
निबंधक
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

सम्पादक
(प्रभारी अधिकारी, राविरा)
पवन कुमार शर्मा
जन सम्पर्क अधिकारी
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

सहयोग
गफूर अली
वरिष्ठ सहायक
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

मुद्रक
राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर

राजस्व मण्डल राजस्थान
की त्रैमासिकी

अंक–123 रजि. क्रमांक 18119/70

अनुक्रमणिका

1. अध्यक्ष की कलम से
2. संपादकीय

लेख-सामग्री एवं विविध जानकारी

3. जागीर एक्ट–खुदकाश्त खातेदारी एवं आवंटन (भाग–2) 1-5
4. भूमि खसरा संख्या का विज्ञान 6-17
5. भू–अभिलेख आधुनिकीकरण महाअभियान: राजस्थान रच रहा है इतिहास, पलक झपकते हो रहे अन्नदाताओं के काज 18-20

स्थायी स्तम्भ

6. राजस्व मण्डल के महत्वपूर्ण निर्णय 21-53
7. राजस्व अधिकारियों के वाद निस्तारण : मण्डल की त्रैमासिक समीक्षा 54-64
8. राजस्व नियम, अधिसूचना, परिपत्र एवं संशोधनादि 65-120
9. राजस्व समाचार 121-124

सूचना : राविरा में प्रकाशित लेख, रचनाएं लेखकों के व्यक्तिगत विचार हैं, उनसे राजस्व मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

राविरा में प्रकाशन हेतु आलेख, सफल कहानियां आदि सामग्री ई–मेल आईडी proboraj@gmail.com पर भेजे जा सकते हैं।

अध्यक्ष की कलम से...

लोकतांत्रिक व्यवस्था में आमजन के हक हकूक की रक्षा एवं अधिकार से वंचित वर्ग को त्वरित, सुगम एवं निष्पक्ष न्याय दिलाना न्यायालयों का मुख्य उद्देश्य है। राजस्थान जैसे भौगोलिक एवम सामाजिक विविधता वाले प्रदेश में राजस्व न्यायालयों के अधीन आमजन से संबंधित राजस्व प्रकरण बड़ी संख्या में विचाराधीन हैं। विविध स्तरीय राजस्व न्यायालयों में वर्ष दर वर्ष लंबित प्रकरणों की संख्या में निरंतर वृद्धि दर्ज होती जा रही है। राजस्व प्रकरणों के न्यूनीकरण के लिए प्रत्येक पीठासीन अधिकारी को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं आमजन के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए दायित्वों का निर्वहन करने की आवश्यकता है।

राजस्व न्यायालयों में निर्णयों को गुणवत्तापूर्ण, विधिसम्मत एवं तार्किक आधार पर पारित करने के उद्देश्य को लेकर राजस्व मंडल के स्तर पर तीन राज्य स्तरीय निर्णय लेखन कार्यशालाओं का सफल आयोजन किया गया। इनमें मिले अनुभव, वैचारिक आदान–प्रदान एवं प्रकरण निस्तारण की बारीकियों की जानकारी को आप अपने कार्य व्यवहार में उतारते हुए राजस्व न्यायालयों के कुशल संचालन से अपने कार्यकाल की श्रेष्ठ छवि का निर्माण करेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

राज्य भर में आयोजित हो रहे 'प्रशासन गांवों के संग शिविरों' के विविध दायित्वों को आप समर्पित रूप से निभाते हुए सरकार की सर्वकल्याणकारी मंशा के अनुरूप परिणाम दें। शिविरों के लिए हर स्तर पर ठोस तैयारी कर लें एवं पूर्ण समन्वय, सहयोग एवं सामंजस्य के साथ कार्यों को अंजाम दें।

राज्य में राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं नवाचार के रूप में राज्य, संभाग एवं जिला स्तर पर संभागीय आयुक्त से लेकर सहायक कलेक्टर स्तर तक के अधिकारियों को उनके श्रेष्ठतम निर्णयों के लिए सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे चयनित श्रेष्ठतम निर्णयों को राविरा पत्रिका में भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्व मंडल के स्तर पर हर जिले से एक श्रेष्ठतम तहसीलदार सम्मान एवं जिला स्तर पर हर तहसील से एक श्रेष्ठतम भू–अभिलेख निरीक्षक व श्रेष्ठतम पटवारी का चयन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र देने की व्यवस्था भी की गई है।

मैं आशा करता हूं कि राज्य में लोक सेवाओं के दृष्टिकोण से आप अपनी पूर्ण निष्ठा व कार्यदक्षता का पूर्ण परिचय देते हुए आदर्श वातावरण का निर्माण करेंगे तथा अपने कार्यस्थल एवं पद की गरिमा को नयी ऊंचाइयाँ प्रदान करेंगे।

शुभकामनाएं।

(राजेश्वर सिंह)

अध्यक्ष

संपादकीय..

सम्मानित पाठकगण,

राजस्थान के राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिये राजस्व मंडल के स्तर पर प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य में करीब साढ़े पांच लाख से अधिक राजस्व प्रकरण विविध स्तरीय राजस्व न्यायालयों में लम्बित हैं। राज्य सरकार की आम जन को त्वरित न्याय दिलाने की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए लम्बित वादों में कमी लाने के लिये राजस्व अदालतों का नियमित आयोजन, प्रकरणों का भली–भांति अध्ययन करने के साथ ही उनका विधिसम्मत एवं समयबद्ध निस्तारण किये जाने हेतु प्रभावी प्रयासों की जरूरत है।

माननीय राजस्व मंडल अध्यक्ष की नवाचारी पहल पर राज्य की विविध स्तरीय राजस्व अदालतों की सेवाओं में गुणात्मक सुधार के मद्देनजर गुणवत्तापूर्ण, विधिसम्मत निर्णय लेखन के लिये कार्यशालाएं, निबंध लेखन प्रतियोगिता, श्रेष्ठ निर्णय लेखन सम्मान, श्रेष्ठ तहसीलदार सम्मान आदि महत्वपूर्ण कदम उठाये गए हैं। आप सभी को अपने कार्य क्षेत्र में श्रेष्ठतम भूमिका निभाने की आवश्यकता है।

राज्य में आम जन को राजस्व सेवाओं की सहज सुलभता को लेकर सरकार ने विशेष प्रयास किये हैं। राज्य की 369 में से 301 तहसीलों को ऑनलाइन किया जाकर ई–हस्ताक्षरित खसरा गिरदावरी, नामान्तरकरण, राजस्व नक्शे जारी किये जाने की सुविधा सहज ही उपलब्ध हो पा रही है।

राजस्व मंडल ने वित्तीय वर्ष 2019–20 व 2020–21 के लिये आयोजित पदोन्नति समिति की बैठक में 716 पटवारियों को भू–अभिलेख निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई। निश्चय ही इससे राजस्व दायित्वों को और बेहतर ढंग से क्रियान्वित किया जा सकेगा। राज्य सरकार की ओर से राज्यभर में प्रशासन गाँवों के संग शिविरों में श्रेष्ठ कर्तव्य निष्पादन एवं उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन के लिये शुभकामनाएं।

डॉ. मोहन लाल यादव
निबंधक

कविता

देश ही आराध्य है

–राजेश्वर सिंह, आई.ए.एस.
अध्यक्ष, राजस्व मंडल राजस्थान, अजमेर

स्वच्छ हो परिवेश अपना,
स्वास्थ्य के प्रति चेतना हो।
हो सुपोषण मातृशिशु का,
और संरक्षण घना हो ।।
ज्ञान का अर्जन सुगम हो,
खेल से मजबूत तन हो।
सरस संस्कृति संचरण हो,
सुखद सुन्दर बालपन हो ।।
ज्योति हो जन तक प्रवाहित,
जल समुच्चय की विधि हो।
राजमार्ग प्रशस्त सुदृढ़,
इससे बढ़कर क्या निधि हो ।।
खेल और खलिहान में संपन्नता हो,
कारखानों में सघन सक्रियता हो ।
हो सभी उत्पाद निर्मित, गुण समन्वित,
विश्व के बाजार में अपनी छटा हो ।।
उच्च शिक्षा, उच्च कौशल का प्रशिक्षण,
अद्यतन हो बोध, इसका शोध प्रतिक्षण।
स्वस्थ मन हो, सबल तन हो, ध्येय सेवी
युवजनों का देश हो, प्रतिभा विलक्षण ।।
प्रकृति के सौन्दर्य से भरपूर धरती,
गढ़, किले, मठ और मन्दिर से संवरती।
संस्कृति के विविध रूपों का सृजन हो,
भाव, चिन्तन, कल्पनाओं का गगन हो।।
श्रेष्ठतम हो देश, हो बहुमान अपना,
इसलिए बहुविध परिश्रम साध्य है।
क्षेत्र, जाति समूह हो या सम्प्रदाय,
वह नहीं बस देश ही आराध्य है।।

जागीर एक्ट – खुदकाश्त खातेदारी एवं आवंटन (भाग –2)

घनश्याम सिंह देवल
का. नायब तहसीलदार, जयपुर

जागीर एक्ट के प्रथम भाग में जागीर एक्ट के कारण, उद्देश्य एवं प्रावधानों के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इस भाग में जागीरदारों के हक व उनके खुदकाश्त भूमि के आवेदन एवं आवंटन के बारे में जानकारी दी जा रही है।

जागीरदारों की खुदकाश्त भूमियां

जागीरदारों के पास तत्कालीन स्टेट से जो भी जागीर प्राप्त होती थी उस जागीर भूमि में से कुछ भूमियां स्वयं जागीरदारों के पास स्वयं के उपयोग एवं खेती के लिए धारित की जाती थी एवं शेष भूमि किसानों को लगान के आधार पर काश्तकारी के लिए दी जाती थी। किसानों को जो भूमि काश्तकारी के लिए दी जाती थी, उस भूमि से प्राप्त होने वाले राजस्व से राज्य की आय होती थी। कतिपय भूमि जागीरदार अपने स्वयं के उपयोग के लिए खुदकाश्त में धारण करते थे। जब जागीर पुनर्ग्रहण अधिनियम प्रभाव में आया तो जागीरदारों के उनके अपने स्वयं के उपयोग की भूमि को उनकी खातेदारी में देने के लिए प्रावधित किया गया। जागीरदारों की खुदकाश्त भूमि को अलाट करने एवं उनके प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 13 में खुदकाश्त कमिश्नर की नियुक्ति की गई।

''**खुदकाश्त भूमि**'' से आशय ऐसी भूमियों से रहा है जो किसी जागीरदार द्वारा वैयक्तिक रूप से जोती जाती रही है और इसके अन्तर्गत खुदकाश्त, सीर, हवाला के रूप में बन्दोबस्त में अभिलिखित भूमि तथा जागीरदार को खुदकाश्त के रूप में आंवटित की गई भूमियां सम्मिलित है।

''**जागीरदार**'' से आशय विद्यमान जागीर विधि के अधीन जागीरदार के रूप में मान्य कोई व्यक्ति है तथा इसके अन्तर्गत किसी जागीरदार से जागीर भूमि का अनुदानग्रहीता भी आता है। धारा 4 की व्याख्या के अनुसार जागीर भूमि का कोई अनुदानग्रहीता अनुदान के सम्बन्ध में ऐसे जागीरदार को कोई राशि देने का दायी नहीं था।

''जागीर भूमि'' से ऐसी भूमि का आशय था जिसमें या जिसके सम्बन्ध में कोई जागीरदार भू राजस्व या किसी अन्य प्रकार की आमदनी सम्बन्धी अधिकार रखता है और इस अधिनियम के अन्तर्गत दी गई प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट भौमिक अधिकारों में से किसी पर भी धारित कोई भूमि आती है। प्रथम अनुसूची के अनुसार राज्य में कुल 45 प्रकार के भौमिक अधिकार वर्ग को जागीर भूमि माना गया है।

खुदकाश्त के आंवटन के लिए आवेदन पत्र

कोई जागीरदार जिसके पास 1 जुलाई 1954 को कोई भी खुदकाश्त नहीं थी अथवा इस अधिनियम की धारा 18 के विनिर्दिष्ट अधिकतम क्षेत्रफल से कम क्षेत्रफल की खुदकाश्त भूमि थी, 31 अगस्त 1958 तक या पुनर्ग्रहण की तारीख के तीन माह के भीतर, जो भी पश्चातवर्ती हो, कलक्टर या खुदकाश्त भूमियों के आयुक्त को खुदकाश्त भूमि के लिए अधिनियम की धारा 14 के तहत आवंटन के लिए आवेदन करने की व्यवस्था दी गई थी। प्रत्येक जागीरदार को एक विहित आवेदन पत्र में सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 में वादपत्रों पर हस्ताक्षर करने तथा उन्हें सत्यापित करने के लिए उपबन्धित रीति से उस पर हस्ताक्षर करने तथा सत्यापित किया जाना अपेक्षित किया गया है।

जागीर पुनर्ग्रहण नियम, 1954 के नियम 10 में आवेदन पत्र का प्रारूप–3 दिया गया है जिसमें वर्णित की जाने वाली विशिष्टियां दी गई है। इस नियम के अनुसार प्रार्थना पत्र में वर्णित की जाने वाली विशिष्टियों में प्रमुख निम्न है–

1. जागीर का नाम, तहसील एवं जिला
2. जागीर की अनुमानित कुल आय
3. जागीर के गांवों के नाम
4. जागीरदार, उपजागीरदार की विशिष्ठियां, हिस्सा प्रतिशत, जाति एवं पता
5. जागीरदार के परिवार में निर्भर सदस्यों की संख्या
6. विद्यमान खुदकाश्त भूमि का विवरण (उन गाँवों में जहां खुदकाश्त स्थित है)–
7. (अ) कुओं से सिंचित, (ब) टैंक तालाबों से सिंचित, (स) नहरों से सिंचित, (द) तालाब पेटा, (य) ढहरी, (र) सैलाबी, (ल) बारानी या असिंचित जिनमें एक फसली पैदावार होती है, (व) घास के मैदान, (श) बंजर एवं गैर मुमकिन भूमियां

8. उस गांव या गाँवों का नाम जहां खुदकाश्त भूमि आवंटन चाहा गया है

9. विशेष विचार किये जाने के लिए यदि कोई आधार हो तो उन आधारों का विवरण

10. धारा 19 के तहत खुदकाश्त भूमि आवंटन हेतु भूमि श्रेणियों की विशिष्ठियां–

(1) काश्तकारों द्वारा समर्पित भूमियां

(2) काश्तकारों द्वारा परित्यक्त कर दी गई भूमियां

(3) 1948 से खुदकाश्त के रूप में जोती जा रही भूमियां जो बाद में लीज पर दी गई है

(4) अनाधिवासित कृषि योग्य भूमियां

(5) पड़ौसी गांवों में अनाधिवासित भूमियां

(6) नदी घाटी परियोजना से सिंचित भूमियां

(7) जागीर से बाहर कोई अन्य कृषि योग्य अनाधिवासित भूमि प्रत्येक श्रेणी की भूमि पहचान के लिए, जिनके आवंटन के लिए दावा किया गया है, गांव का नाम, क्षेत्रफल, खसरा नम्बर एवं अन्य विशिष्टियां प्रदान किया जाना आवश्यक है।

11. आवेदक के हस्ताक्षर

12. प्रार्थना पत्र का सत्यापन

13. आवेदक के हस्ताक्षर

14. आवेदन की तिथि

15. अभिशंषा/आदेश एवं

16. आवेदन अभिप्राप्ति क्रमांक एवं रसीद

खुदकाश्त भूमि का आवंटन

धारा 14 के तहत प्राप्त होने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र की समुचित जांच करने, इस अधिनियम के प्रारम्भ के समय जागीर भूमि में किसी अन्य व्यक्ति को खातेदारी अधिकार दिये जाने या जागीरदार के परिवार के सदस्यों सहित धारा 18 में दिये गये मापमान के अनुसार भूमि धारण करने की स्थिति में आवेदन पत्र को नामंजूर किया जा सकता है। मंजूर किये जाने वाले मामलों में कलक्टर खुदकाश्त भूमि आवंटन के लिए खुदकाश्त आयुक्त को

अपनी अभिशंषा करेगा। खुदकाश्त आयुक्त द्वारा प्रकरण में जो आदेश प्रदान किये जावे, कलक्टर यथाशक्य ऐसे आदेशों को कार्यान्वित करेगा।

धारा 18 में खुदकाश्त के अधिकतम के लिए इस अधिनियम के प्रारम्भ से पहले खुदकाश्त के रूप में धारित किसी भूमि सहित आवंटित भूमि के अधिकतम क्षेत्रफल की सीमाएं–

क) जहां जागीर 60 एकड़ से अधिक नहीं है वहां उस क्षेत्रफल के आधे से अधिक नहीं,

ख) जहां जागीर क्षेत्रफल 60 एकड़ से 200 एकड़ है, वहां (क) के अतिरिक्त अधिक क्षेत्रफल के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं,

ग) जहां जागीर क्षेत्रफल 200 एकड़ से 500 एकड़ है, वहां (क) एवं (ख) के तहत अनुज्ञेय क्षेत्रफल के बाद अधिक क्षेत्र है उसका 15 प्रतिशत

घ) जहां जागीर क्षेत्रफल 500 एकड़ से 1000 एकड़ है, वहां (क) (ख) एवं (ग) के तहत अनुज्ञेय क्षेत्रफल के बाद अधिक क्षेत्र है उसका 10 प्रतिशत

ङ) जहां जागीर क्षेत्रफल 1000 एकड़ से अधिक है, वहां (क) (ख) (ग) एवं (घ) के तहत अनुज्ञेय क्षेत्रफल के बाद अधिक क्षेत्र है उसका 5 प्रतिशत से अधिक नहीं तथापि इस प्रकार आवंटित अधिकतम क्षेत्रफल 500 एकड़ से अधिक नहीं होगा।

इस धारा में एक एकड़ भूमि में एक एकड़ असिंचित भूमि अभिप्रेत है तथा एक एकड़ सिंचित भूमि तीन एकड़ असिंचित भूमि के बराबर समझी जायेगी। यह भी दिया गया है कि जहां किसी जागीरदार के पास इस अधिनियम के प्रारम्भ के समय उसमें विनिर्दिष्ट अधिकतम क्षेत्रफल से अधिक खुदकाश्त भूमि है, वहां ऐसी भूमि खुदकाश्त के रूप में उसके पास बनी रहेगी।

दिनांक 01.04.2011 के बाद खुदकाश्त के रूप में आवंटन की जाने वाली भूमियां केवल इन्दिरा गांधी नहर परियोजना के प्रक्रम–2 के भीतर भीतर ही आवंटित की जायेगी। दिनांक 01.04.2011 से पूर्व धारा 19 के अनुसार निम्न प्रवर्ग की भूमियां ही आवंटित की जा सकती थी –

1. काश्तकारों द्वारा समर्पित भूमियां

2. काश्तकारों द्वारा परित्यक्त कर दी गई भूमियां

3. 1948 से खुदकाश्त के रूप में जोती जा रही भूमियां जो बाद में लीज पर दी गई है

4. अनाधिवासित कृषि योग्य भूमियां

5. पड़ौसी गांवों में अनाधिवासित भूमियां

6. नदी घाटी परियोजना से सिंचित भूमियां

7. जागीर से बाहर कोई अन्य कृषि योग्य अनाधिवासित भूमि।

यह भी तर्क दिया गया था कि यदि उक्त विनिर्दिष्ट प्रवर्गों की कोई भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां खुदकाश्त के आवंटन के लिए दिया गया आवेदन पत्र नामंजूर कर दिया जाएगा।

इस प्रकार जागीरदारी उन्मूलन पर जागीर विधि के तहत जागीरदारों को खुदकाश्त भूमि का आवंटन किये जाने के लिए अध्याय 4 में एक पूर्ण विधि दी गई है। आज भी जागीर भूमि से सम्बन्धित कई वाद माननीय राजस्व मण्डल, माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित हैं तथा कई आवेदन पत्र आज भी लम्बित हैं। इनका निस्तारण गुणावगुण तथा नियमों में दी गई व्यवस्था के तहत किया जाना अपेक्षित है।

***

भूमि खसरा संख्या का विज्ञान

The science of land khasra number

डॉ. गिरवर सिंह राठौड़
(Ex. RTS)
Ph.D., D.ltte.
Sr. Fellow (ICSSR)

परिचय

[Introduction]

भूमि का राजस्व मानचित्र – भूमि की शक्ल/क्षेत्र का सूचकांक [index of the field] होता है। मानचित्र में अनेक आकृतियां व उसकी संरचना [shape/structure] होती हैं। इन आकृतियों का परिचय/बोध [knowledge] कराने हेतु सांकेतिक नम्बर दिये जाते हैं। ये सांकेतिक नम्बर/प्रतीकात्मक [symbolic number] भूमि अभिलेख के जिस प्रारूप (प्रपत्र) में लिखा जाता है। उसे ''खसरा'' कहते हैं। यह राजस्व प्रशासन का प्रथम अभिलेख होता है, क्योंकि इस खसरे के प्रथम कॉलम में यह सांकेतिक नम्बर/प्रतीकात्मक [symbolic number] लिखा जाता है। इसी के आधार पर इसे सांकेतिक नम्बर/प्रतीकात्मक कहा जाता है। खसरा राजस्व मानचित्र की शक्ल [index of the map] होता है, जिसमें खसरा नम्बर की विशेषताएं/लक्षण [characteristics] बताई जाती हैं। जैसे –उस खसरा नम्बर का क्षेत्रफल (रकबा) भूमि वर्ग [soil classification] खाता संख्या [account number] काश्तकार का वर्ग आदि का वर्णन होता है। जो एक प्रकार से खसरा संख्या का DNA बताता है।

खसरा राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 112 के अन्तर्गत तैयार किया जाना आवश्यक है। खसरा भू–प्रबन्ध अभिलेख में एक बुनियादी (आधारभूत) अभिलेख है या दूसरे शब्दों में खसरा भू–प्रबन्ध की नींव [foundation] है। ये कहा गया है कि खसरे में जो भी लिखा जाए वह मौके के विरूद्ध नहीं होना चाहिए। अर्थात मानचित्र में क्रम से दिये गये खसरा नम्बरों के अनुसार विवरण लिखा जाना चाहिए।

ग्राम का राजस्व नक्शा जिसे सजरा भी कहते हैं। भू–अभिलेख की पहली सीढ़ी होता है। इसके बिना किसी भी भू–अभिलेख की तैयारी संभव नहीं है। यह भू–अभिलेखों का मार्गदर्शक है। जिसे भू–प्रबंध के समय तैयार किया जाता है। इसमें ग्राम के प्रत्येक खेत व आकृति की सीमायें बताई जाती है। प्रत्येक मौके की स्थिति का अंकन नक्शे में होता है तथा नक्शे की प्रत्येक आकृति में सर्वे नम्बर डाले जाते हैं। जिन्हें बाद में खसरा नम्बर या फील्ड नम्बर के नाम से जाना जाता है।

मानव शरीर में कोशिका [Cell] की रचना के दो अंग [Organs] होते हैं, एक कोशिका [Cell Wall] और दूसरा केन्द्रक/नाभिक [Nucleus] उसी प्रकार खसरा संख्या [Survey Number/Parcel Number] की संरचना के भी दो अंग हैं – एक खसरा संख्या की हदबंदी (सीमा) दूसरा केन्द्रक के रूप में खसरा संख्या। मानव कोशिका के केन्द्रक में गुणसूत्र [chromosome] व इसमें DNA-RNA होते हैं। उसी प्रकार की विशेषता खसरा नम्बर लिये हुए होता है, जैसे उसका क्षेत्रफल, भूमि वर्ग, मालिकाना हक और उसका स्वरूप।

भूमि खसरा संख्या का अर्थ

[menaing of land khasranumber] :

खसरा शब्द ईरानी/फारसी शब्द है। जिसका अर्थ एक भूखण्ड या सर्वेक्षण की संख्या से है, जो राजस्व गांवों के नक्शों में भूमि के एक विशेष टुकड़े को दिया गया एक भूखण्ड या सर्वेक्षण संख्या है।

इसकी संक्षेप में परिभाषा इस प्रकार से दी जाती है कि राजस्व मानचित्र में सिलसिलेवार/क्रमबद्ध [sequentially] प्रत्येक आकृति [shape] को सही नम्बर डालने की क्रिया को नम्बर अंदाजी/भूखण्डों का संख्यांकन [number guess] कहते हैं।

यह शब्द भू–राजस्व प्रशासन में बार–बार उपयोग में आता है, जब भू–अभिलेखों का ऑन–लाइन या ऑफ–लाइन अध्ययन किया जाता है। खसरा नम्बर भूमि के भूखण्डों को पहचान दिलाने के लिए उपयोग में लाया जाता है। जिससे राजस्व गांवों में भूखण्डों का क्षेत्रफल, भूमि वर्ग, खातेदार काश्तकार [account holder tenant] का विवरण प्राप्त करने में आसानी होती है। खसरा (खसरा) जिसे कभी–कभी खेसरा के रूप में भी लिखा जाता है। शब्दकोष में अगर खसरे का अर्थ ज्ञात किया जाये तो इसके दो अर्थ निकलते हैं– एक भूमि के भूखण्ड को पहचान देने के लिए नम्बर देना, जिसे खसरा नम्बर कहा गया। दूसरा खसरे से तात्पर्य एक अत्यधिक संक्रामक वायरस से प्रेरित बीमारी जिसे हिन्दी में भारत में 'चेचक' (शीतला रोग) के नाम से जाना जाता है लेकिन अंग्रेजी में इन दोनों को Measles शब्द से जाना जाता है। अतः जब हम गूगल पर इस शब्द का अर्थ देखते हैं तो खसरे शब्द का अर्थ खसरे शब्द के रूप में अनुवाद करता है। जो एक सामान्य गलती है। अर्थ ज्ञात करने वाला अवश्य भ्रमित हो जाता है।

खसरा नम्बर का महत्व

[importance of the survey number]

भूमि का सर्वे करने के उपरान्त सर्वे के अनुसार बनाई गई क्षेत्र पुस्तिका [field book] के अनुसार नक्शा तैयार किया जाता है। नक्शे की शीट में भूमि की अनेक आकृतियां जैसे– खेत, नदी, नाले, तालाब, रास्ता इत्यादि बनती हैं जिन्हें क्रम से नम्बर दिये जाते हैं ताकि जिस आकृति के नम्बर का ज्ञान कराया जाये उसी आकृति का ही संज्ञान होता है। बाकी आकृतियों का नहीं। इस क्रिया से खेत की खोज [search] करने में बहुत सुविधा होती है। इसका महत्व उस समय और भी हो जाता है जब किसी बड़े गांव के मानचित्र में खेतों को खोजा जाए। इसका परिणाम यह होता है कि इसके आधार पर खसरा अभिलेख में इस नम्बर का पूर्ण विवरण शीघ्र अति शीघ्र ज्ञात हो जाता है।

भू–माप करने के पश्चात जो मानचित्र उस स्थान का बनाया जाता है उसमें निर्धारित माने हुए पैमाने से प्लाट करने पर वैसी आकृति मानचित्र में बन जाती है जिससे यह ज्ञात हो जाता है कि जो स्थान हमने मानचित्र में बनाया है वह किस जगह पर है इसके अवलोकन से मौका (निश्चित आकृति क्षेत्र) को पहचानने में आसानी होती है। मानचित्र को देखने से यह तो ज्ञात हो जाता है कि यह स्थान जो मानचित्र में है वह किस स्थान का है पर उसका पूर्ण विवरण उससे ज्ञात नहीं होता क्योंकि राजस्व नक्शे में अनेक आकृतियां बहुत छोटी और बड़ी होती हैं जिसका पूर्ण विवरण मानचित्र में लिखना असम्भव है। यही कारण था कि तत्कालीन राजस्व प्रशासन के वैज्ञानिकों ने उन मानचित्र में उन आकृतियों को पहचानने के लिए नम्बर डालने की प्रक्रिया को अपनाया। जिससे उन आकृतियों के नम्बरों का पूर्ण विवरण किसी अन्य अभिलेख में लिखा जा सके। यह अभिलेख बाद में खसरा कहलाया।

ऐतिहासिक परिणाम

[historical development]

मुगलकालीन भू–राजस्व प्रशासन जो 500 वर्ष से चला आ रहा है वह अब समाप्ति की ओर है और नया आधुनिक भू–राजस्व प्रशासन शैशव काल [childhood] से किशोर अवस्था की ओर (यह अवस्था ऐसी होती है जिसमें थोड़ा–थोड़ा दिन और थोड़ी–थोड़ी रात का आभास होता है) की ओर अग्रसर हो रहा है।

राजस्व प्रशासन के ऐतिहासिक परिणामों को चार खण्डों में विभक्त कर इसकी यात्रा को बताया जा सकता है– प्राचीनकाल [ancient time] जिसमें गुप्त व मौर्यकाल आता है। दूसरी यात्रा मुगलकाल की है जो सन 1556 से प्रारम्भ हुई तीसरी यात्रा ब्रिटिश शासन

के समय की है जो 1858 से प्रारम्भ हुई और चौथी यात्रा जिसे डिजिटल यात्रा [digital journey] कहा जाता है। यह 1990 से प्रारम्भ हुई लेकिन विशेष प्रभाव इसका 2018 से देखा जाता है।

प्राचीन समय में जो राजस्व अभिलेख भूमिकर [land tax] के लिए तैयार किये जाते थे। अर्थात भू–राजस्व/लगान का संग्रह करने के लिए जो अभिलेख बनाये जाते थे उनमें खेतों/कृषि क्षेत्रों [farms] को नाम से लिखा जाता था क्योंकि उस समय काश्त की जाने वाली भूमि कम होती थी और काश्त करने वाले लोग भी कम होते थे इसलिए उनका विवरण खेतों के नाम से अभिलेखों में लिखा जाता था।

मुगलकाल में टोडरमल ने भूमि का सर्वे कर कृषि योग्य भूमि का विवरण खसरा नामक अभिलेख में तो अंकित किया अर्थात खसरा नामक अभिलेख मुगलकालीन शासन की देन है। लेकिन इस समय में भी खेतों को नाम से जाना जाता था खसरा संख्या से नहीं। खसरे में केवल खेत की नाप जो चारों तरफ की लिखी जाती थी जिसके आधार पर उस खेत का क्षेत्रफल निकाला जाता था और क्षेत्रफल के आधार पर या उस खेत में उत्पन्न हुई फसल की लटाई या बटाई करके भूमिकर (लगान) [rent] को लिखा जाता था।

व्यवस्थित रूप से और वैज्ञानिक तरीके से [scientific method] खसरा संख्या लिखने का प्रारम्भ ब्रिटिश शासन काल 1854 में तब हुआ जब भूमि की नाप सर्वे यंत्रों से करके भूमि का मानचित्र ग्राम अनुसार तैयार किया गया और इस भूमि के मानचित्र में भूमि की आकृति को पहचान देने के लिए खसरा प्रपत्र में खसरा नम्बर डाले गये ताकि प्रत्येक खसरा नम्बर के क्षेत्रफल व उसके भूमि वर्ग जैसे – चाही, बारानी, बंजड़ के अनुसार लगान का निर्धारण प्रति बीघा के हिसाब से किया जा सके। ब्रिटिश समय की यह व्यवस्था वर्तमान तक चली आ रही है।

राजस्व मानचित्र में नम्बर अंदाजी करने का विधिक प्रावधान

[legal provision for guessing numbers in revenue map]

ब्रिटिश भारत में भूमि संबंधी जो पहली विधि बनी वो थी 'The Bombay Land Revenue Code, 1879' इस विधि में खसरा संख्या जिसे विधि में सर्वेक्षण संख्या [survey number] के नाम से जाना जाता है कि धारा–3 (6)में कहा गया है कि '' सर्वेक्षण संख्या का अर्थ जिसका क्षेत्र और मूल्यांकन पृथक–पृथक भूमि अभिलेखों में संकेतक संख्या के रूप में अंकित किया गया होगा। *["survey number".* - "survey number" means a portion of land of which the area and [assessment] are separately entered, under an indicative number in the [land records]

धारा–3 (7) में खसरा नम्बर का उप–विभाजन [sub division] को भी परिभाषित करने का प्रयास किया गया है। जिसमें कहा गया है कि एक खसरा नम्बर का एक हिस्सा जिसका क्षेत्र और निर्धारण पृथक–पृथक अभिलेखों में एक संकेतात्मक संख्या के अन्तर्गत अंकित किया जाता है। वो उस खसरा नम्बर (सर्वेक्षण संख्या) के अधीनस्थ [sub ordinate] होता है। ["sub-division of a survey number". - [sub-division of a survey number" means a portion of a survey number of which the area and assessment are separately entered in the land records under an indicative number subordinate to that of the survey number of which it is a portion;]

राजस्थान की भूमि विधियों में खसरा नम्बर को परिभाषित नहीं किया गया है। लेकिन राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 89 (ख) में यह कहा गया है कि इसी अधिनियम की धारा–88 घोषणात्मक दावों में भूमि–क्षेत्र [holding] के क्षेत्रफल, संख्यांकित प्लॉट [numbered plot] अर्थात खसरा नम्बर अथवा उसकी सीमाओं से संबंधित मामलों में दावे लाये जा सकते हैं। जिससे स्पष्ट होता है कि खसरा नम्बर या उसकी सीमाओं (हदबंदी–demarcation) से संबंधित वाद (दावे–claims) लाये जा सकते हैं।

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की धारा 141 च की उपधारा (3) में ये स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि भूमि के प्रत्येक टुकड़े को जिसे राजस्व मानचित्र में निर्धारित प्रकार से पृथक दिखाया गया है को एक संकेतात्मक [indecative] सर्वेक्षण संख्या [survey number] दिया जाएगा। जो भूमि के उस टुकड़े का सूचक, परिचायक होगा।

राजस्थान भू–राजस्व (भू–अभिलेख नियम 1957) में खसरा नम्बर के बारे में नियमों में निम्न प्रावधान हैः–

- नियम–60 में किस प्रकार से खसरा संख्या में संशोधन [correction] किया जाएगा का प्रावधान है।
- नियम–61, 65 से 68 में तितम्मा सजरा में अस्थाई खसरा संख्या किस प्रकार से अंकित किया जाएगा का प्रावधान है।
- नियम–62 में खसरा नम्बर के विभाजन हो जाने पर खसरा नम्बर किस विधि से डाले जाएंगे का प्रावधान है।
- नियम–65 में भू प्रबन्ध विभाग के द्वारा दिये गये खसरा नम्बर व उसके नाम को डालने का प्रावधान है।
- नियम–66 में खेतों के विभाजन होने पर किस प्रकार से खसरा नम्बर डाले जायेंगे का प्रावधान बताया गया है।

- नियम–67 यह बताता है कि खेतों के विभाजन पर खसरा नम्बर डालने पर क्या प्रावधान होगा
- नियम–68 यह बताता है कि खेतों के एकीकरण [consolidation] होने पर किस प्रकार से खसरा नम्बर डाले जायेंगे।
- नियम–69 में यह प्रावधान है कि जब भूमि के मूल खसरा नम्बर की आकृति कछार या बाढ़ [alluvium or flood erosion तो खसरा नम्बर डालने का प्रावधान क्या होगा इसके बारे में प्रावधान नियम 389 में भी है।

भूमि खसरा संख्या –प्रक्रिया

[land khasra number - process]

परम्परागत व्यवस्था

[traditional system]

नम्बर अंदाजी/भूखण्डों के संख्यांकन की प्रक्रिया को दो भागों में विभक्त कर बताया जा सकता है – प्रथम प्रक्रिया परम्परागत प्रक्रिया है जो ब्रिटिश समय में प्रारम्भ हुई और उस समय तैयार भूमि विधि विशेष रूप से भू–राजस्व अधिनियम के अंतर्गत बने नियमों में इसका उल्लेख किया गया। परम्परागत नम्बर डालने की व्यवस्था को कुछ इस प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है।

पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है कि एक मानचित्र में अनेक आकृतियां हो सकती हैं जिनकी संख्या 100 से लेकर 7–8 हजार तक हो सकती है। इतनी बड़ी संख्या की आकृतियों में यदि नम्बर इच्छानुसार [as desired] डाले जाते हैं। अर्थात जहां चाहें वहां नम्बर डाल दिये जाये तो आकृति के नम्बर को ज्ञात करने में काफी परेशानी व समस्या होने की संभावना है और इसके कारण यह भी हो सकता है कि कई आकृतियों में नम्बर डालने से ही चूक हो जाये। इस समस्या के निदान के लिए राजस्व प्रशासन के वैज्ञानिकों ने एक व्यवस्थित रूप से नम्बर डालने की प्रक्रिया को अपनाया है। इसमें पहला सिद्धान्त यह रखा गया है कि प्रत्येक मानचित्र के उत्तरी पश्चिमी कोने से सांकेतिक/प्रतीकात्मक नम्बर डालना प्रारम्भ करके क्रमानुसार आकृति के दक्षिणी पूर्वी कोने में समाप्त करने को अपनाया और इसी प्रक्रिया के अनुसार राजस्व मानचित्रों में नम्बरअंदाजी/भूखण्डों का संख्यांकन [number guess] की जाती है। इसका सबसे अधिक लाभ यह होता है कि आकृति का नम्बर ज्ञात करने में परेशानी नहीं होती और तुरन्त आसानी से नम्बर ज्ञात कर लिया जाता है।

राजस्व वैज्ञानिकों ने मानचित्र में नम्बर डालने में तीन बातों का ध्यान रखने का सुझाव दिया–

1. खेत/आकृति में नम्बर डालने की तुलनावृत्ति तो नहीं हुई है।
2. खेत/आकृति बिना नम्बर डाले तो नहीं रह गई है।
3. नम्बर डालते समय कोई कुदान [jump] तो नहीं हो गया है (कुदान से तात्पर्य बिना निर्धारित प्रक्रिया या क्रमबद्धता को अपनाये नम्बर डालना कुदान कहलाता है अर्थात किसी एक खेत के कोने से दूसरे खेत में नम्बर डालने को अथवा किसी खेत के नम्बर से कोई खेत छोड़कर अगले तीसरे खेत में नम्बर डालने को ही कुदान कहते हैं)।

सारांश में नम्बर अंदाजी/भूखण्डों का संख्यांकन करते समय निम्न बातों की सावधानी रखना आवश्यक है –

1) नम्बर अंदाजी हमेशा उत्तर पश्चिमी कोने से प्रारम्भ होकर दक्षिणी–पूर्वी कोने पर समाप्त होनी चाहिए।
2) नम्बर अंदाजी करते समय नम्बर क्रम से एक से दूसरा नम्बर इस प्रकार डाला जाये कि जिसकी मेड़ उस खेत से मिलती हो जिसमें नम्बर डाला जा चुका है।
3) नम्बर अंदाजी करते समय नम्बर कुदान नहीं होना चाहिए।
4) जहां तक संभव हो नम्बर क्रमानुसार प्रायः एक [circle] या जाव [holding] या खातेदार [account holder] के क्रम से होना चाहिए। जिससे गश्त गिरदावरी [field inspection] करते समय आसानी हो।
5) यदि किसी गांव के कई नम्बरों में विवाद हो तो ऐसे नम्बरों को उस गांव से पृथक कर नम्बर दिया जाना चाहिए।
6) अगर नम्बर अंदाजी करते समय क्रम अनुसार नम्बर डालने में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो ऐसी स्थिति में नदी, नाला, रास्ता, पहाड़ आदि के टुकड़े [part] करके पृथक–पृथक नम्बर डाला जाना चाहिए।
7) यदि किसी खेत के मध्य में कुंआ, खड्डा इत्यादि की आकृति आती है तो उसमें पहले नम्बर डाला जाना चाहिए दूसरा नम्बर खेत में डाला जाना चाहिए।
8) नम्बर अंदाजी मौके पर [field] की जानी चाहिए।
9) एक कुएँ के अन्तर्गत आने वाले जाव (खेतों की संख्या) में नम्बर क्रम अनुसार

डाला जाना चाहिए।

10) यदि एक ही खातेदार के खेत एक ही जगह पर आ जाते हैं तो उनमें भी क्रमशः नम्बर डाले जाने चाहिए।

11) नम्बर डालते समय इस बात का निश्चित ध्यान रखा जाना चाहिए कि कोई खेत या आकृति उस मानचित्र में ऐसी ना रह जाये जिसमें नम्बर ना डाला गया हो या दुबारा नम्बर ना डाल दिया गया हो।

राजस्व मानचित्र में निम्न स्थितियों में खेत/आकृतियों में नम्बर अंदाजी की जानी चाहिए–

1) एक खेत में एक भाग कृषि योग्य (मजरूआ) व अकृषि योग्य भूमि (गैर मजरूआ) भूमि हो तो प्रत्येक भाग को पृथक–पृथक नम्बर दिया जाना चाहिए।

2) यदि खेत पड़त है अर्थात खेती नहीं हुई तो भी नम्बर दिया जाना चाहिए।

3) वन–विभाग की भूमि में एक चक का एक ही नम्बर डाला जाना चाहिए।

4) यदि कोई भूमि नाकाबिल चराई हो और गैर मुमकिन हो तो उसमें नम्बर पृथक–पृथक डाले जाने चाहिए और साथ ही चिन्ह भी दिखाये जाने चाहिए। जैसे – नदी, मन्दिर, कब्रिस्तान, आबादी, पहाड़, तालाब आदि।

5) जिन खेतों की मेड़ दो गट्ठे से अधिक की हो तो उसमें नम्बर पृथक से डाला जाना चाहिए।

6) ऐसे रास्ते जो पक्के हैं रेल, सड़क, नदी आदि जो एक गांव से दूसरे गांव में जाते हैं तो उनको पृथक से दिखाया जाना चाहिए।

निम्न स्थितियों में मानचित्र में बनी आकृति/खेतों में नम्बर अंदाजी/भूखण्डों का संख्यांकन नहीं की जानी चाहिए–

1) यदि एक खेत में कई हिस्सेदार हों तो उस खेत को एक ही दिखाया जाना चाहिए और एक ही नम्बर डाला जाना चाहिए।

2) यदि आकृति का क्षेत्रफल एक बिस्वा/ एक हेक्टेयर से कम है तो नम्बर नहीं डाला जाना चाहिए।

3) कच्चे रास्ते में नम्बर नहीं डाला जाना चाहिए।

4) ऐसे नाले जो बरसात में बन जाते हैं उन्हें भू–माप में पृथक से नहीं दिखाया जाना चाहिए और ना ही नम्बर डाला जाना चाहिए।

5) यदि एक खेत में विभिन्न फसलें अलग–अलग उत्पन्न की गई हैं तो उसमें पृथक–पृथक नम्बर नहीं डाले जाने चाहिए।

भू–प्रबन्ध विभाग द्वारा सर्वेक्षण व अभिलेखन लेखन में साधारणतया भूखण्डों की संख्या एक से प्रारम्भ होकर पूरे ग्राम के समस्त भूखण्ड संख्यांकित होने तक क्रमानुसार संख्या में अग्रसर होती हैं इसी प्रकार राजस्व विभाग द्वारा संधारित मानचित्र में भी भूमि अतिक्रमण, नियमन, भूमि कटाव तथा जल प्रवाह क्रिया से, क्षेत्र में परिवर्तन, विभाजन, विनिमय, एकीकरण आदि के फलस्वरूप होने वाले निरन्तर परिवर्तनों के कारण मानचित्र में क्षेत्रफल की शुद्धि के साथ भूखण्डों के संख्यांकन में संशोधन/परिवर्तन आवश्यक होता है। उल्लेखनीय है कि भूखण्ड संख्यांकन की प्रक्रिया समान होते हुए भी भू–प्रबन्ध विभाग व राजस्व विभाग द्वारा अपनाई जाने वाली रीति/तरीके में अत्यन्त न्यून किन्तु महत्वपूर्ण अन्तर है। यह अन्तर वहां स्पष्ट होता है जब भू–प्रबन्ध विभाग के द्वारा तैयार मानचित्र का अवलोकन करते हैं और किन्हीं भूखण्डों में भूखण्ड संख्यांकन करने में हुई चूक के उपरान्त जब बटा नम्बर डाला जाता है तो पास वाले खेत का नम्बर नीचे डाला जाता है और ऊपर गांव के अन्तिम खसरा नम्बर का नम्बर डाला जाता है जैसे – पास वाले भूखण्ड का नम्बर 24 है और गांव का अन्तिम नम्बर 150 है तो नम्बर से अवशेष भूखण्ड का नम्बर होगा 25/150 जबकि राजस्व विभाग के द्वारा जब मानचित्र का संधारण भविष्य में किया जाता है और नये नम्बर डालने की आवश्यकता होती है तो राजस्व विभाग के द्वारा नम्बर डालने की प्रक्रिया उल्टी होती है अर्थात गांव का अन्तिम खसरा नम्बर के अगला वाला नम्बर ऊपर डाला जाता है जैसे –एक खेत नम्बर 24 है और उसका दो भागों में बंटवारा हुआ है और गांव के नक्शे में आखिरी खसरा नम्बर 150 है तो अगले दो नम्बर 151/24 तथा 152/24 होगा (नियम–62)। इस आंशिक नम्बर डालने के इस आंशिक अन्तर से यह ज्ञात होता है कि भू–प्रबन्ध विभाग द्वारा कौनसे नम्बर डाले गये हैं और राजस्व विभाग के द्वारा भू–प्रबन्ध के बाद मानचित्र में कौनसे नम्बर डाले गये हैं। नम्बर अंदाजी का कार्य भू–प्रबन्ध विभाग में निरीक्षकगण गई बार अमीनों पर छोड़ देते हैं और उन्हें इसका अधिक ज्ञान ना होने के कारण से अनेक गलतियां हो जाती हैं। परिणाम नम्बर अंदाजी गलत हो जाती है। ये स्थिति तहसील प्रशासन में पटवारी व भू–अभिलेख निरीक्षक के मध्य की है। यहां भी भू–अभिलेख निरीक्षक को नम्बर अंदाजी करते समय अधिक सावधानी बरतनी चाहिए।

वर्तमान समय में जनसंख्या की अत्यधिक वृद्धि होने के कारण भूमि की मांग और महत्व बहुत अधिक बढ़ गया है। खेतों के अनेक टुकड़े हो गये हैं, राजकीय खाते की सिवायचक भूमि भी छोटे–छोटे भूखण्ड बनाकर भूमिहीन कृषकों को आवंटित की जा चुकी

है। बड़े रूप में गैर मुमकिन कृषि अयोग्य भूमियां कृषि योग्य परिवर्तित हो गई हैं। जिससे नक्शे में तरमीम (परिवर्तन) करना आवश्यक हो जाता है।

खसरा नम्बर की डिजिटल यात्रा

[digital journey of khasra number]

संयुक्त राष्ट्र संघ की इकाई UNICEF की अनुशंसा पर विश्व बैंक के आर्थिक सहयोग से विकासशील देशों में जिसमें भारत भी सम्मिलित है। भू–अभिलेखों जिसमें राजस्व मानचित्र भी सम्मिलित है, डिजिटल यात्रा प्रारम्भ हुई। व्यस्थित रूप से भारत में यह यात्रा 2017–2018 से प्रारम्भ हुई। भारत में भू–अभिलेखों के लिये digital india land record modernization programme[DILRMP] के अन्तर्गत राजस्थान में जिन तहसीलों के भू–अभिलेख ऑनलाइन हो चुके हैं उन तहसीलों में नामान्तरण की प्रक्रिया के अन्तर्गत सॉफ्टवेयर में जो नवीन बट्टा नम्बर डालने की प्रक्रिया निर्धारित कर रखी है वह सही प्रतीत नहीं होती है। बटा नम्बर डालने की प्रक्रिया राजस्थान भू–राजस्व (भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 60 (iv) (क) नियम 66 के अनुसार की जाती है। जिसके अनुसार अगर किसी खेत के दो हिस्सेदार अपना खेत विभाजित करते हैं तो उनमें दो खसरा नम्बर डालने की आवश्यकता पड़ती है। अगर मान लें कि गांव का अन्तिम खसरा नम्बर 150 है और वर्तमान खसरा नम्बर 25 है तो नये नम्बर क्रमशः 151/25 व 152/25 होंगे। लेकिन वर्तमान में नामान्तरण की ऑनलाइन प्रक्रिया में सॉफ्टवेयर द्वारा नवीन खसरा नम्बर डाले जा रहे हैं। वे इस प्रकार से हैं –माना खसरा नम्बर 151/25 जिसका रकबा 2.00 हेक्टेयर है में से 0.80 हेक्टेयर भूमि A को एवं 0.40 हेक्टेयर भूमि B को विक्रय पत्र द्वारा कर दी जाती है तो अन्तिम खसरा नम्बर से आगे 153/25 रकबा 0.80 हेक्टेयर एवं शेष रकबा का खातेदार के नाम सॉफ्टेयर सिस्टम द्वारा नवीन खसरा नम्बर 154/153 स्वतः दर्ज हो रहा है। ठ के नाम नामान्तरण की अवधि में सॉफ्टेयर सिस्टम द्वारा नवीन खसरा नम्बर 155/153 रकबा खसरा नम्बर दर्ज होकर फिर से शेष रकबे का मूल खातेदार के नाम सॉफ्टेयर द्वारा नवीन खसरा नम्बर 156/154 दर्ज हो रहा है। इस प्रक्रिया से खसरा नम्बर 25 एवं 151/25 विलोपित हो गये हैं। इससे स्पष्ट है कि सॉफ्टवेयर की इस व्यवस्था से मूल नवीन खसरा नम्बर विलोपित हो रहे हैं और अगर खसरा नम्बर का इसी प्रकार से किन्हीं कारणों से विभाजन होता रहा तो मूल खसरा नम्बर को मानचित्र में तलाश करना मुश्किल हो जाएगा। साथ ही जो नक्शे में नम्बर अंदाजी की प्रक्रिया नियमों में स्थापित है वह मानचित्र में खसरा नम्बरों का क्रम बदल जाएगा। अतः वर्तमान में स्थापित इस ऑनलाइन व्यवस्था की शीघ्रता से समीक्षा किया जाना आवश्यक है।

शोध अध्ययन में राजस्व मानचित्र व उसमें स्थापित वर्तमान व्यवस्था में सुधार के लिए निम्न सुझाव दिये गये हैं–

भारत में वर्तमान में स्थापित भूमि अभिलेख प्रबंध प्रणाली का अवलोकन करने के साथ ही वर्तमान में प्रचलित भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण की परियोजना जिसे डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) का अध्ययन व विश्लेषण विभिन्न राज्यों में करने के उपरांत इस कार्यक्रम में जो कमियां प्रतीत हुयीं, उनको ध्यान में रखते हुए सरकार के प्रयासों के साथ एवं भूमि अभिलेख विशेषज्ञों के प्रयासों में समन्वय स्थापित करते हुए आधुनिक भूमि अभिलेख को जन्म देना है।

उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु ही जोनेटा की इस प्रायोगिक परियोजना को प्रयोग में लिया गया है। इस प्रायोगिक परियोजना जिसे भविष्यसूचक परियोजना का नाम दिया गया, के अंतर्गत भूमि अभिलेखों में निम्न प्रक्रियाओं का समावेश किया गया है।

1. उपलब्ध ग्राम जोनेटा का राजस्व (भूमि कर) मानचित्र का डिजीटलाइजेशन करना।
2. मानचित्र में अंकित सर्वे, खसरा, प्लॉट नं. जो हिन्दी में अंकित है, उन्हें अंग्रेजी भाषा में अंकित करना।
3. उपलब्ध मानचित्र में से स्थापित के लिए बटा खसरा या सर्वे संख्या को हटाने के लिए संपूर्ण ग्राम के मानचित्र में पुन: आकृतियों में नम्बर अंदाजी (खसरा नं.) करना ताकि मानचित्र में बटा न रहे।
4. संपूर्ण ग्राम के मानचित्र का वर्तमान में उपलब्ध खसरा सर्वे नंबरों का प्रस्तावित नवीन नंबरों से तुलनात्मक विवरण (मिलान खसरा क्षेत्र) तैयार करना जिससे स्पष्ट हो सके कि वर्तमान खसरा नं. क्या है और उनके नवीन खसरा नं. क्या हैं?
5. ग्राम के मानचित्र की प्रत्येक आकृति (प्रत्येक खसरा नं. या प्लॉट नं. या सर्वे नं.) की पृथक से कम्प्यूटर की सहायता से आकृति बनाना और आकृति को कम्प्यूटर के माध्यम से समस्त भुजाओं व कोणों की दूरी अंकित करना, जिसे FMB अर्थात Field Management नाम दिया गया।
6. कम्प्यूटर के माध्यम से संपूर्ण ग्राम के मानचित्र व पृथक–पृथक की गयी आकृतियों का क्षेत्रफल निकालना और उस क्षेत्रफल की तुलना अधिकार अभिलेख (record of right) (ROR) में अंकित क्षेत्रफल से करना जिससे यह ज्ञात हो जाए कि मानचित्र के द्वारा प्राप्त क्षेत्रफल व जमाबंदी में अंकित क्षेत्रफल में क्या कोई विरोधाभास हैं।

भूमि खसरा नम्बर – विभाजन – पुनर्गठन प्रक्रिया : प्रस्तावित नवीन प्राविधि

[proposed new technology: land survey number- division - restructuring process]

ऊपर हमने स्पष्ट किया गया है कि राजस्व मानचित्र में डाले गये या स्थापित बटा खसरा नम्बर को समाप्त करके उपलब्ध मानचित्र में नवीन प्रकार से क्रमबद्ध रूप से नम्बरअंदाजी निर्धारित नियमों के अनुसार करके बटा नम्बर को समाप्त किया जाना चाहिए साथ ही पुनः राजस्व ग्राम के मानचित्र का पुनः खसरा नम्बर अनुसार मिलान खसरा नम्बर बनाया जाना चाहिए। इससे मानचित्र में एक क्रम से खसरा नम्बर अंकित हो जायेंगे।

भविष्य में मानव व्यवहार के कारण जब खसरा नम्बर का विभाजन करना सम्भव हो तो उसकी प्रक्रिया निम्न प्रकार अपनाई जाना प्रस्तावित है। माना कि खसरा नम्बर 252 है और इसका विभाजन हमें 4 भागों में करके खसरा नम्बर अंकित करना है तो प्रत्येक आकृति का खसरा नम्बर क्रम से इस प्रकार रखा जाये 252–01, 252–02, 252–03, 252–04, इस प्रकार की गई नम्बर अंदाजी से स्पष्ट होता है कि मूल खसरा नम्बर हमेशा स्थापित रहेगा उसका जैसे विभाजन होता रहेगा डेश के बाद की क्रम संख्या में वृद्धि होती जाएगी।

इसी प्रकार यदि खसरा संख्या 252–02 का पुनः विभाजन दो भाग में हो गया है तो डेश के आगे की अगली क्रम संख्या अर्थात 252–05 व 252–06 हो जाएगी और खसरा नम्बर के विभाजन का यह क्रम निरन्तर चलता रहेगा। जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि मूल खसरा नम्बर का जो भू–प्रबन्ध विभाग के द्वारा दिया गया वर्तमान तक कितने भागों में विभाजन हो गया है।

इसी प्रकार यदि विभाजित दो आकृतियां एक हो जाती हैं जैसे 252–05 व 252.06 तो उसमें नम्बर अंदाजी इस प्रकार की जा सकती है 252–05+06 इस प्रक्रिया में मूल खसरा नम्बर 252 अस्तित्व में बना रहता है और ज्ञात होता है कि आकृति संख्या 05+06 का भू– भाग आपस में मिल गया है।

उपरोक्त प्रक्रिया नम्बर अंदाजी की साधारण प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया का उपयोग मानचित्र में तरमीम कार्य करने व नवीन खसरा नम्बर डालने हेतु किया जा सकता है।

***

भू–अभिलेख आधुनिकीकरण महाअभियानः राजस्थान रच रहा है इतिहास पलक झपकते हो रहे अन्नदाताओं के काज

पवन शर्मा
पीआरओ

राजस्थान भूमिपुत्रों के कल्याण के क्षेत्र में नया इतिहास रचने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य की आम जनता से संबंधित सेवाओं को सरकार के स्तर पर सहज सुगम और पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराने को लेकर लिए दूरदर्शी निर्णय लिए हैं। इसी का परिणाम है कि अब पलक झपकते ही अन्नदाता व भूमिधारकों के काम अब सहज ही हो रहे हैं।

राजस्थान में भू अभिलेख आधुनिकीकरण के महाभियान ने लोक राहत का नया अध्याय लिखा है जहां जिलों की 369 में से 301 तहसीलें ऑनलाइन होकर कार्य कर रही है। राज्य के अजमेर, कोटा, श्रीगंगानगर चुरू, जयपुर, जालौर, जैसलमेर झालावाड़ झुन्झुनूं, नागौर, अलवर, राजसमन्द, उदयपुर, धौलपुर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा और सीकर जिले पूरी तरह ऑनलाइन की श्रेणी में शामिल हो गये हैं।

एक समय था जब भूमिधारकों को भू–अभिलेख, नक्शों व नामांतरण जैसे कार्यों के लिए पटवार मण्डल व तहसीलों को जाना पड़ता था। राजस्व कार्मिकों के विविध दायित्वों, प्राथमिकताओं की व्यस्तताओं के रहते काश्तकारों को कई बार समय पर दस्तावेज उपलब्ध होने में देरी भी हो जाती थी। लेकिन भू अभिलेख आधुनिकीकरण के बाद अब किसी भी समय तथा किसी भी स्थान पर रिकॉर्ड की ऑनलाइन उपलब्धता से यह राह अत्यंत आसान हो गई है।

इस बहुद्देश्यीय कार्यक्रम को व्यावहारिक तौर पर सफलता के साथ लागू करने के लिए राज्य के राजस्व विभाग, भू–प्रबन्ध विभाग व पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग पृथक–पृथक रूप से महती भूमिका अदा कर रहे हैं। राज्य की 301 ऑनलाइन तहसीलों में ई–मित्रों के माध्यम से ई हस्ताक्षरित खाते की नकल, खसरा गिरदावरी व राजस्व नक्शों की प्रतिलिपियाँ जारी की जाने लगी है. वहीं जमाबंदी भी आम जन के लिये ऑनलाइन उपलब्ध है।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत राजस्थान में तहसीलों में संधारित रिकॉर्ड रूम्स को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के रूप में स्थापित कर वहां राजस्व रिकॉर्ड को स्कैन कर सुरक्षित किया जा रहा है। यहाँ सबंधित संसाधनों के साथ ही

दूर–दराज से आने वाले काश्तकारों के बैठन की उचित व्यवस्था भी की गई है। राज्य में 369 तहसीलों में से 106 तहसीलों के लिए चतुर्थ चरण लीगेसी रिकॉर्ड स्कैनिंग का कार्यादेश जारी कर दिया गया है जिनमें से 15 तहसीलों में यह कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार राज्य के 529 उप पंजीयक कार्यालयों में पूर्व में पंजीकृत हो चुके दस्तावेजों की स्कैनिंग करवा डाटा सेंटर के उच्च तकनीकी सर्वर पर सहेजा जा रहा है। ये दस्तावेज आवश्यकता पड़ने पर आसानी से आम जन को उपलब्ध जायेंगे।

राज्य में राजस्व नक्शों की सुरक्षा के साथ ही खातेदारों का विवरण अंकित करने व काश्तकारों को रिकार्ड की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराने को लेकर खसरा नक्शों के डिजिटाइजेशन का कार्य राज्य सरकार करवा रही है। इसमें सेटलमेन्ट शीटों की स्कैनिंग डिजिटाइजेशन तरमीम तथा जमावदी को लिंक करने के कार्य भी शामिल हैं।

राज्य 33 जिलों में इस कार्यक्रम के तहत 6 फर्मों के माध्यम से नक्शे डिजिटाइज करने का कार्य किया जा रहा है अब तक राज्य के 46 हजार 821 गांवों की 1 लाख 29 हजार 984 शीट्स डिजिटाइज्ड हो चुकी हैं। इनमें से 102229 शीट्स को अंतिम तरमीम पूरी कर ई–धरती सॉफ्टवेयर से लिंक कर दिया गया है। तहसीलों का भू अभिलेख पब्लिक डॉमिन पर उपलब्ध है, जिसके माध्यम से काश्तकार के नाम पिता के नाम खसरा नम्बर खाता नम्बर आदि से जमाबन्दी की जानकारी एक क्लिक में उपलब्ध हो पा रही है।

काश्तकारों को राजस्व रिकॉर्ड की उपलब्धता को लेकर एनआईसी द्वारा 'ई–

धरती सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। जिसमें प्रत्येक खातेदार को पृथक रूप में चिन्हित करते हुए खातों का विस्तृत विश्लेषण रजिस्ट्रेशन सॉफ्टवेयर से लिंकिंग व जमाबन्दी के अलावा अन्य राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध हो रहा है। वर्तमान में राज्य की 301 तहसीलों को ऑनलाइन कर अधिसूचना जारी की जा चुकी है।

राजस्व रिकॉर्ड व पंजीयन सॉफ्टवेयर को लिंक कर दिया गया है। वर्तमान में सभी ऑनलाइन तहसीलों में स्वतः नामान्तरकरण की व्यवस्था लागू हो गई है। इसी प्रकार काश्तकारों की सुविधा हेतु जमाबन्दी प्रतिलिपि, सीमा ज्ञान तथा नामान्तरकरण हेतु ई–मित्र के माध्यम से आवेदन का प्रावधान कर दिया गया है। अब ई–मित्र सॉफ्टवेयर को ई धरती सॉफ्टवेयर से लिक किया जाने की कार्यवाही की जा रही है।

अब कृषक व आमजन को ऑनलाइन जमाबंदी के अवलोकन की सुविधा के साथ ही खसरा गिरदावरी व नामान्तरकरण की हस्ताक्षरित प्रतिलिपियां राज्य की सभी ऑनलाइन तहसीलों में जारी करने का प्रावधान कर दिया गया है। राजस्व विभाग की ओर से 17 मई 2019 को जारी अधिसूचनानुसार ई–मित्र के माध्यम से ई हस्ताक्षरित खसरा गिरदावरी व नक्शों की प्रतिलिपियां जारी की जा रही है। अपना खाता डॉट राजस्थान डॉट इन वेबसाइट पर सभी जिलों की सभी ऑफलाइन या ऑनलाइन तहसीलों की जमाबंदियां अद्यतन उपलब्ध हैं, जिससे आमजन के लिये जानकारी के साथ–साथ प्रतिलिपि प्राप्त किया जाना सहज हो गया है।

निश्चय ही भू अभिलेख आधुनिकीकरण से राजस्व प्रशासन का सुदृढ़ीकरण, सेवाओं की पारदर्शिता से आम जन तक पहुंच समस्त भू–अभिलेखों की ऑनलाइन सर्वसुलभता, नागरिकों एवं राज्य कार्मिकों के समय की बचत व तीव्रता से कार्य निष्पादन, स्वचालित नामान्तरकरण प्रक्रिया से भू सम्पत्ति के हस्तान्तरण में धोखाधड़ी से बचाव, अनावश्यक वाद–विवादों में कमी, राज्य सरकार की भिन्न योजनाओं की पात्रता संबंधी सूचनाओं की सुलभता. भू–अभिलेखों के रख–रखाव में पारदर्शिता, कार्यकारी एजेन्सियों में बेहतरीन समन्वय भू–अभिलेख अपरिवर्तनीय व सुरक्षित रहेगा, नवीन विधियों से किया गया सर्वेक्षण अतिशीघ्र होगा एवं इसमें त्रुटियां न्यूनतम होंगी। लोक कल्याणकारी उद्देश्य को लेकर लिखा गया यह सुनहरा अध्याय निश्चय ही राजस्थान के इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में लिखा जायेगा।

***

राजस्व मण्डल के महत्वपूर्ण निर्णय

(W.R.)

निगरानी/टीए/2020/1687/अलवर

मुन्नीदेवी बनाम बहादुर सिंह

एकल-पीठ (मुकाम जयपुर)

श्री हरि शंकर गोयल, सदस्य

उपस्थित :-

श्री अनंगपाल सिंह) अभिभाषक प्राथी

श्री राजकुमार शर्मा)

श्री हनुमानसिंह राठौड़, अभिभाषक अप्रार्थी

दिनांक : 08 जनवरी, 2021

निर्णय

1- यह निगरानी अन्तर्गत धारा-230 सपठित धारा-221 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के तहत विद्वान भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर के निर्णय दिनांक 1-11-2019 के विरूद्ध प्रस्तुत की गयी है।

2- निगरानी के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं कि खसरा नम्बर-76/1-16, 78/1-19, 176/3-00, 249/1-19, 260/0-09, 481/0-14, 484/1-12, 560/1-09, 562/1-10, 621/2-01, 989/0-13 बीघा कुल किता 11 रकबा 17 बीघा 2 बिस्वा वाके ग्राम नांगल सालिया, तहसील कोटकासिम, जिला अलवर में स्थित है जिसमें निगरानीकार/प्रत्यर्थिया/वादीयागण रिकॉर्डेड खातेदार है तथा संयुक्त रूप से कब्जे काश्त है। विचारण न्यायालय के समक्ष निगरानीकार/प्रत्यर्थिया/वादीयागण द्वारा एक वाद अन्तर्गत धारा-188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 Perpectual Injunction मय अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 में प्रस्तुत किया। उक्त वाद को दर्ज रजिस्टर कर दिनांक

10-2-2012 को एकपक्षीय बहस सुनकर गैर-निगरानीकार / अपीलार्थी / प्रतिवादीगण को अस्थाई निषेधाज्ञा से आगामी पेशी तक पाबन्द किया जाता है कि वो विवादित आराजियात का खसरा नम्बर-76/1-16, 78/1-19, 176/3-00, 249/1-19, 260/0-09, 481/0-14, 484/1-12, 560/1-09, 562/1-10, 621/2-01, 989/0-13 बीघा कुल किता 11 रकबा 17 बीघा 2 बिस्वा वाके ग्राम नांगल सालिया, तहसील कोटकासिम, जिला अलवर में स्थित है, से निगरानीकार / प्रत्यर्थिया / वादीयागण को जबरन बेदखल ना करे, ना ही कब्जे काश्त में मजाहमत व मदाखलत ना करे और ना ही फसल काटने, बोने, समेटने आदि में रुकावट पैदा करे। मौके की यथास्थिति कायम रखे जो भी उज्र हो हाजिर अदालत होकर पेश करे। अनेक अवसर जवाब के लिये दिये जाने के पश्चात भी गैर-निगरानीकार / अपीलार्थी / प्रतिवादीगण द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर विचारण न्यायालय द्वारा विधिवत तरीके से प्रकरण में कार्यवाही करते हुये दिनांक 5-6-2017 को अस्थाई निषेधाज्ञा के प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया। इसके पश्चात अपीलीय न्यायालय ने मियाद के बिन्दु को निर्णीत किये बिना दिनांक 1-11-2019 को एकपक्षीय अन्तरिम आदेश पारित किया। उक्त निर्णय से व्यथित होकर यह निगरानी इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गयी है।

3- उक्त निगरानी के साथ एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-5 मियाद अधिनियम प्रस्तुत किया गया जिसमें कथन किया कि अधीनस्थ न्यायालय के द्वारा पारित निर्णय की उन्हें जानकारी प्राप्त नहीं थी क्योंकि बिना उन्हें सुने निर्णय पारित किया गया था जब नकल निकलवाई तो निर्णय के बाबत जानकारी मिली। नकल प्राप्ति के तुरन्त बाद निगरानी पेश कर दी गई। इसलिये निगरानी अन्दर मियाद मानी जावे।

4- बहस उभयपक्ष सुनी गयी।

5- सर्वप्रथम परिसीमन अधिनियम की धारा-5 के तहत प्रार्थना पत्र का निर्णय किया जाना है। अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय दिनांक 1-11-2019 के विरूद्ध निगरानी दिनांक 13-3-2020 को पेश की गई है। लगभग 43 दिनों की देरी हुई है। निगराकार का कथन है कि नकल मिलने में देरी हुई है इस कारण निगरानी प्रस्तुत करने में देरी हुई है। प्रार्थना पत्र के साथ एक शपथ पत्र भी संलग्न है। अप्रार्थीगण ने इसके खण्डन हेतु कोई शपथ पत्र भी प्रस्तुत नहीं किया है। अतः निगराकार के कथन पर अविश्वास करने का कोई कारण

नहीं है। अतः परिसीमन अधिनियम की धारा–5 के तहत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर निगरानी प्रस्तुत करने में हुई देरी को शमित किया जाता है और निगरानी समय सीमा में प्रस्तुत की गयी मानी जाती है।

6– पत्रावली में बहस में निगराकार के विद्वान अभिभाषक ने निगरानी मीमों में अंकित तथ्यों को दोहराते हुये बहस की व लिखित बहस भी प्रस्तुत की। बहस के दौरान उन्होंने कथन किया कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा उक्त आदेश पारित करते समय क्षेत्राधिकार सम्बन्धित शक्तियों का दुरूपयोग एवं गंभीर अनियमितता करते हुये विधि के प्रावधानों एवं Superior Court द्वारा न्यायिक दृष्टान्तों में प्रतिपादित नियमों का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है जिससे उक्त आदेश illegal एवं miscarriage of justice की श्रेणी में आता है इस कारण माननीय न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप करना न्यायहित में अति आवश्यक है इसलिये निगरानी स्वीकार की जाकर अपीलीय न्यायालय ने आलोच्य आदेश पारित किया है वह निरस्तनीय है। उनका यह भी कथन है कि निगरानीकार / अपीलार्थी/प्रतिवादीगण द्वारा यह अपील मिथ्या तथा गलत तथ्यों का वर्णन करते हुये केवल मात्र अधीनस्थ न्यायालय के आदेश की अवमानना के दण्ड से बचने के आशय से गलत तथ्यों का वर्णन करते हुये प्रस्तुत की है। उनका यह भी कथन है कि स्थगन प्रार्थना पत्र के अन्तर्गत आलोच्य आदेश पारित कर निगरानीकर्तागण को विवादित भूमि के मौके की यथास्थिति बनाये रखने हेतु पाबन्द कर दिया है। इस प्रकार अपीलीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश नॉन स्पीकिंग एवं नॉन रिजण्ड की श्रेणी में आता है जो कि विधि के विरूद्ध होने से अपास्त किये जाने योग्य है। अतः निगरानी स्वीकार की जाकर अपीलीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 1–11–2019 को निरस्त किये जाने की प्रार्थना की। अपने तर्कों के समर्थन में उन्होंने निम्न नजीरें प्रस्तुत की :–

1– एसएससी–2002(1) पेज–475

2– एसएससी–(2008) 12 पेज–481

3– आरआरटी–2019(1) पेज–221

4– आरआरटी–2017(2) पेज–787

5– आरआराडी–2016 पेज–642

6– आरआरटी–2014(2) पेज–1417

7– आरआरडी–2007 पेज–346

8– आरबीजे–2020

9– सी.जे.(सी.आई.वी.) 2020(1) (राज.) पेज–12

10– डी.एन.जे. 2018(2) (राज.)

11– आर.बी.जे.–2019(26)

7– अप्रार्थी के विद्वान अभिभाषक ने लिखित बहस प्रस्तुत की तथा उसे दोहराते हुये कथन किया कि विद्वान भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर का आदेश अन्तरिम आदेश है जो केस डिसाईडेड की परिधि में नहीं आता है ऐसे आदेश के विरूद्ध माननीय न्यायालय में निगरानी संधारण योग्य नहीं है। उनका यह भी कथन है कि विद्वान उपखण्ड अधिकारी, कोटकासिम ने अप्रार्थीगण व उसके अभिभाषक को सुनवाई का अवसर प्रदान किये बिना प्रकरण को कैम्प कोर्ट नांगल सालिया में नियत करते हुये अपने अस्पष्ट आदेश दिनांक 5–6–2017 द्वारा धारा–212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया, जो विधिविरूद्ध था। उनका यह भी कथन है कि विद्वान उपखण्ड अधिकारी, कोटकासिम ने प्रकरण को लोक अदालत में गलत रूप से एकतरफा में निर्णीत किया था जिन बिन्दुओं को आधार रखकर ही अपीलीय न्यायालय ने अप्रार्थीगण के पक्ष में स्थगन आदेश पारित किया है। निगरानी का स्कोप काफी सीमित है। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत निगरानी अन्तिम आदेश के विरूद्ध नहीं होने और अन्तरिम आदेश के विरूद्ध होने से काबिल खारिज किये जाने योग्य है। अपने तर्कों के समर्थन में उन्होंने निम्न नज़ीरें प्रस्तुत की :–

1– डब्ल्यू.एल.सी–2000 (राज.) पेज–73

2– आरआरटी–2019(1) पेज–342

3– आरआरटी–2018(1) पेज–116

4– आरआरटी–2016(1) पेज–194

5– एसएससी–2014(16) पेज–680

6– सीपीसी–2007(1) पेज–668

7– आरआरटी–2020(1) पेज–456

8– हमने उभयपक्ष के विद्वान अभिभाषकगण की विद्वत्तापूर्ण बहस पर मनन किया। विधि के सुसंगत प्रावधानों का अध्ययन किया तथा सम्पूर्ण पत्रावली का आद्योपांत अवलोकन किया तथा प्रस्तुत नजीरों का भी अध्ययन किया गया।

9– पत्रावली का अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि विवादित भूमि पर प्रार्थिया रिकार्डेड खातेदार हैं। अप्रार्थी का रिकार्ड में कोई नाम नहीं है। अप्रार्थीगण का यह कथन कि सन 1942 से लगातार अप्रार्थीगण का कब्जा रहा है लेकिन इस संबंध में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये हैं। केवल कह देने मात्र से यह नहीं माना जा सकता है कि अप्रार्थीगण का विवादित भूमि में कोई हित नहीं है। अप्रार्थीगण ने केवल एक रिकार्ड प्रस्तुत किया है जो धारा–145 सीआरपीसी की कार्यवाही में न्यायालय ए.डी.जे. किशनगढ़बास के निर्णय दिनांक 20–5–2016 की प्रति है जिसमें धारा–145 सीआरपीसी के तहत प्रस्तुत निगरानी खारिज की थी और विवादित भूमि को रिसीवर में देने से मना कर दिया गया था।

10– अस्थाई निषेधाज्ञा जारी करने के लिये प्रत्येक प्रकरण में निम्न तीन बिन्दुओं पर भली–भांति विश्लेषण कर आदेश पारित करना चाहिये :–

(1)– प्रथम दृष्ट्या मामला

(2)– सुविधा का संतुलन

(3)– अपूरणीय क्षति

11– इस प्रकरण में निगरानीकर्ता रिकार्डेड खातेदार है। दोनों प्रार्थिया महिलायें हैं। वे अपनी ससुराल में रहतीं हैं। काश्त के लिये आवश्यक नहीं है कि कोई उसी गांव में रहे। काश्त किसी अन्य व्यक्ति या सेवक के माध्यम से भी करवाई जा सकती है। एक रिकार्डेड खातेदार का कब्जा स्वतः माना जाता है जब तक कि उसके विरूद्ध पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत न हों। अप्रार्थीगण ने अपने कब्जों का कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है फिर यह कैसे माना जा सकता है कि अप्रार्थीगण का कब्जा विवादित भूमि पर है? यदि एक बार यह मान भी लिया जाये कि उसका कब्जा है तो न्यायालय को यह भी देखना होगा कि क्या वह कब्जा वैध हो? क्या अप्रार्थीगण रिकार्डेड खातेदार हैं? उत्तर है नहीं। क्या प्रार्थीगण पंजीकृत क्रेता है? उत्तर

है ही नहीं। प्रार्थीगण का कहना है कि सन 1942 से उनका कब्जा है तो उन्होंने खातेदारी अधिकार प्राप्त करने के लिये सक्षम न्यायालय में दावा प्रस्तुत क्यों नहीं किया?

12– इस प्रकार उपर्युक्त विश्लेषण के अनुसार प्रार्थिया रिकार्डेड खातेदार हैं। व रिकार्डेड खातेदार होने के नाते कब्जा उन्हीं का माना जायेगा। वे महिला हैं और न्यायालयों को उनके हितों का संरक्षण करना चाहिये। इस प्रकार विचारण न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कोटकासिम ने एकपक्षीय अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा आदेश पारित करने में कोई त्रुटि नहीं की थी। यह आदेश दिनांक 10–2–2012 को पारित किया गया था। अप्रार्थीगण दिनांक 4–4–2013 को उपस्थित हो गये थे और उन्हें जवाब प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया और यह अवसर दिनांक 5–6–2017 तक अर्थात चार वर्ष 2 महीने तक दिया गया और लगभग सवा चार वर्षों में भी अप्रार्थीगण ने कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया। दिनांक 5–6–2017 को न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कोटकासिम ने कैम्प में उभयपक्षों की बहस सुनने के पश्चात एकपक्षीय अस्थाई निषेधाज्ञा के आदेश दिनांक 10–2–2012 को वाद के निर्णय तक कन्फर्म (पुष्ट) कर दिया। उक्त निर्णय न्यायसंगत, तर्कसंगत व विधिसम्मत है इसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि नजर नहीं आती है।

13– उक्त आदेश दिनांक 5–6–2017 के विरूद्ध एक अपील न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर के समक्ष दिनांक 1–11–2019 को प्रस्तुत हुई। यह अपील लगभग ढाई साल बाद प्रस्तुत की गई थी। उक्त अपील के साथ परिसीमन अधिनियम की धारा–5 के अन्तर्गत एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसमें अपील प्रस्तुत करने में हुये विलम्ब का कोई कारण अंकित नहीं किया गया था। केवल यह कहने मात्र से कि न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कोटकासिम ने उनकी गलत उपस्थिति अंकित करके आदेश पारित किया है, विश्वसनीय नहीं है। न्यायालय पर गलत आरोप लगाने को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। जब अप्रार्थीगण को चार वर्षों से अधिक का समय जवाब प्रस्तुत करने हेतु दिया गया था। फिर भी उन्होंने जवाब पेश नहीं किया तो उनकी बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अपील के साथ कोई दस्तावेज संलग्न नहीं किये गये और ना ही ग्राम के मौज़िज़ व्यक्तियों के शपथ पत्र संलग्न किये गये जो उनके प्रथम दृष्ट्या मामले व कब्जों को बताते। इस प्रकार अप्रार्थीगण के पक्ष में प्रथम दृष्ट्या मामला बनता ही नहीं था।

14– प्रथम अपीलीय न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर को पहले परिसीमन अधिनियम की धारा–5 के तहत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को निर्णीत करना चाहिये था लेकिन उन्होंने उस प्रार्थना पत्र पर कोई निर्णय नहीं दिया। प्रथम अपीलीय न्यायालय को यह भी देखना चाहिये था कि क्या तीनों सिद्धान्त अप्रार्थीगण / अपीलार्थी के पक्ष में भली–भांति सिद्ध हैं? पर प्रथम अपीलीय न्यायालय ने इन तीनों बिन्दुओं पर अपना कोई मत अंकित नहीं किया गया। फिर उन्होंने अप्रार्थीगण के पक्ष में इकतरफा अस्थाई निषेधाज्ञा का आदेश कैसे पारित कर दिया? और यह भी नहीं देखा कि वादिया रिकार्डेड खातेदार हैं, महिला हैं। इस कारण न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर का एकपक्षीय निर्णय दिनांक 1–11–2019 पूर्णरूपेण विधिविरूद्ध है, जो कि निरस्त किये जाने योग्य है।

15– अप्रार्थीगण का यह कथन कि न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर का एकपक्षीय निर्णय अन्तरिम आदेश है, अंतिम नहीं और अन्तरिम आदेश के विरूद्ध निगरानी पोषणीय नहीं है। जो नजीरें उन्होंने प्रस्तुत की हैं वे इस मत को पुष्ट करती हैं। हम भी इन नजीरों से सहमत हैं कि न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर का आदेश अन्तरिम है और इस आधार पर निगरानी स्वीकार योग्य नहीं है। लेकिन यदि कोई अन्तरित आदेश विधि के प्रावधानों के विरूद्ध हो तो राजस्व मण्डल को उसमें हस्तक्षेप करने का अधिकार है।

16– प्रार्थीगण के विद्वान अभिभाषक ने जो नजीरें प्रस्तुत की हैं उनमें यह दृष्टान्त प्रस्तुत किया गया है कि सीपीसी के आदेश–41 नियम–3(ए) के तहत एकपक्षीय आदेश पारित करने से पूर्व परिसीमन अधिनियम की धारा–5 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को निर्णीत किया जाना चाहिये था। न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर ने वह प्रार्थना पत्र निर्णीत किये बिना ही एकपक्षीय आदेश पारित किया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत लगभग समस्त नजीरों में इस मत की पुष्टिकी है।

17– इसके अतिरिक्त अधीनस्थ न्यायालय को यह देखना चाहिये था कि अप्रार्थीगण / अपीलान्ट ना तो रिकार्डेड खातेदार है और ना ही पंजीकृत क्रेता। फिर उनका प्रथम दृष्ट्या मामला कैसे बना? और जब प्रथम दृष्ट्या मामला बनता ही नहीं था तब एक रिकार्डेड खातेदार के विरूद्ध और बिना उनको सुने एकपक्षीय आदेश कैसे पारित कर दिया? यह एक

गंभीर प्रकार की त्रुटि है जो अधीनस्थ न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर ने की है।

18– यह सही है कि अधीनस्थ न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर का निर्णय अंतरिम आदेश है। यह भी सही है कि अन्तरिम आदेश के विरूद्ध निगरानी पोषणीय नहीं है। लेकिन यहां पर यह तथ्य उल्लेखनीय है कि जब कोई अन्तरिम आदेश एकपक्षी, विधि विरूद्ध एवं तथ्यों के विपरीत और त्रुटिपूर्ण हो तो राजस्व मण्डल को राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा–221 के अन्तर्गत शक्ति प्राप्त हैं कि ऐसे आदेश को तुरन्त अपास्त किया जाये। अतः राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा–221 का प्रयोग करने के लिये यह एकदम सही प्रकरण है।

19– फलस्वरूप उपर्युक्त विवेचन के अनुसार यह निगरानी स्वीकार की जाकर न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर का आदेश दिनांक 1–11–2019 निरस्त किया जाता है तथा निर्देशित किया जाता है कि न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, अलवर प्रकरण का निस्तारण दोनों पक्षों को सुनकर एक माह में आवश्यक रूप से निर्णय पारित करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। अधीनस्थ न्यायालयों का रिकार्ड पुनः लौटाया जावे।

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(हरि शंकर गोयल)

सदस्य

न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर

(W.R.)

निगरानी/कोलो./5930/2010/बीकानेर

श्रवणराम बनाम बजरंगलाल

एकल पीठ

श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित, सदस्य

उपस्थित–

श्री अशोकनाथ योगी, अभिभाषक प्रार्थी

श्री समीर अहमद, अभिभाषक अप्रार्थी

दिनांक : 22.02.2021

निर्णय

यह निगरानी राजस्व अपील प्राधिकारी बीकानेर द्वारा प्रकरण सं. 48/08 में पारित निर्णय दिनांक 10–6–2010 के विरूद्ध नियम 23(2) राजस्थान उपनिवेशन (इं.गां.न.प.क्षेत्र में राजकीय भूमि विक्रय एवं आवंटन) नियम 1975 के तहत प्रस्तुत की गई है। निगरानी के साथ धारा 5 मियाद अधिनियम का प्रार्थना पत्र भी पेश किया।

उभय पक्ष की बहस सुनी गई।

विद्वान अधिवक्ता प्रार्थीगण का बहस में कथन है कि चक 16–500 DODD के मु0नं0 80/41 किला नंबर 1 लगायत 15 की 15 बीघा भूमि को मुहरबंद बोली में आवंटन करने हेतु आवंटन अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी खाजूवाला ने दिनांक 18–2–2008 को सूची प्रकाशित की जिस पर प्रार्थी ने दिनांक 18–2–2008 को ही मोहरबंद सील का प्रस्ताव प्रार्थना पत्र में प्रस्तुत किया। उक्त उपरान्त अप्रार्थी से बेक डेट दिनांक 28–1–2008 को मोहरबन्द बोली प्रस्ताव लेकर आवंटन अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी खाजूवाला ने दिनांक 13–3–2008 को वादग्रस्त भूमि अप्रार्थी को आवंटन कर दी। जिसकी जानकारी होते ही प्रार्थी ने समयावधि में राजस्व अपील प्राधिकारी बीकानेर के समक्ष अपील पेश की। चूंकि अप्रार्थी का आवंटन षड्यन्त्र के तहत किया गया था इसलिए बार–बार प्रयास किये जाने के उपरान्त भी प्रार्थी को आवंटन आदेश की नकल नहीं दी गई।

इस कारण वह अपील के साथ आवंटन आदेश की सत्य प्रति पेश नहीं कर पाया। समस्त परिस्थितियों को देखते हुए अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने आवंटन आदेश की सत्य प्रति प्रस्तुत करने की छूट देकर अपील को श्रवणार्थ ग्रहण कर अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख तलब करते हुए प्रार्थी के पक्ष में स्थगन आदेश जारी किया। अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय द्वारा आवंटन पत्रावली तलब किये जाने के उपरान्त भी आवंटन अधिकारी ने आवंटन पत्रावली अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय के यहां नहीं भिजवाई एवं प्रकरण फाइल तलबी में चलता रहा कि अचानक अप्रार्थी द्वारा आवंटन आदेश की सत्य प्रति पेश नहीं करने बाबत प्रारम्भिक आपत्ति लेते हुए अपील खारिज करने का निवेदन किया। जिस पर सुनवाई करते हुए अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने अप्रार्थी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील को खारिज कर दिया। जिसकी प्रार्थी को कोई जानकारी नहीं थी। ज्योंही उसे जानकारी हुई अविलम्ब माननीय न्यायालय के समक्ष निगरानी याचिका पेश कर दी गई। उनका यह भी तर्क है कि अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने इस बिन्दु पर कोई गौर नहीं किया कि स्वयं अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय द्वारा लगभग दो–ढाई साल तक लगातार आवंटन पत्रावली तलब की गई फिर भी आवंटन अधिकारी द्वारा पत्रावली अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय में नहीं भिजवाई गई अर्थातब उक्त तथ्य से अपने आप ही साबित हो जाता है कि प्रार्थी के लिए आवंटन आदेश की सत्य प्रतिलिपि प्राप्त करना असंभव था। अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने इस महत्वपूर्ण बिन्दु को भी नजरअंदाज कर दिया कि व्यवहार प्रक्रिया संहिता जैसे ही राजस्व न्यायालयों में कार्यवाही सुचारू रूप से चलाए रखने के लिए रेवेन्यू कोर्ट्स मेन्युअल का निर्माण किया गया है जो मात्र एक प्रक्रियात्मक विधि है। परन्तु अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने उक्त प्रावधानों को असम्भव परिस्थितियां होने के बावजूद भी कठोरता से लागू कर अपने समक्ष विचाराधीन अपील को तकनीकी आधार पर खारिज करने में भारी भूल की है। जबकि माननीय मण्डल ने 1994 RRD 317, 1994 RRD 512, 2003 RBJ 184 में रेवेन्यू कोर्ट्स मेन्युअल पार्ट–। और ।। दोनों का गहनता से अध्ययन करने के बाद दोनों प्रावधानों को समान मानते हुए उनके प्रावधानों को Directory in nature माना है, परन्तु अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने प्रश्नगत प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थिति तथा विधिक प्रावधानों को दरकिनार कर सरसरी तौर पर अपील को तकनीकी आधारों पर निरस्त किये जाने में गंभीर विधिक एवं तथ्यात्मक त्रुटि कारित की

है। अंत में उन्होंने धारा 5 मियाद अधिनियम का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर निगरानी अन्दर मियाद शुमार किये जाने एवं तदनन्तर निगरानी स्वीकार कर अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 10–6–2010 को निरस्त किये जाने एवं प्रकरण को पुनः गुणावगुण आधार पर सुनवाई हेतु प्रतिप्रेषित किये जाने का निवेदन किया। अपने तर्कों के समर्थन में उन्होंने 1997 RBJ 275, 1998 RBJ 626, 2004 RBJ 77, 2001 RBJ 297, 2003 RBJ 184, 2002 RBJ 492, 1981 RRD 351 के न्यायिक दृष्टांत उद्धृत किये।

विद्वान अधिवक्ता अप्रार्थी ने बहस में कथन किया कि प्रार्थी को आवंटन आदेश की प्रमाणित प्रति पेश करने हेतु अनेक अवसर प्रदान किये जाने के उपरान्त भी प्रार्थी द्वारा आवंटन आदेश की प्रमाणित प्रति पेश नहीं की गई। प्रार्थी द्वारा अपील पेश करने के ढाई वर्ष पश्चात भी प्रमाणित प्रति पेश नहीं की गई जिससे स्पष्ट है कि प्रार्थी द्वारा नकल प्राप्त करने हेतु सतत प्रयास नहीं किया गया ऐसी स्थिति में अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने प्रार्थी/अपीलांट की अपील को खारिज किये जाने में किसी प्रकार कोई त्रुटि नहीं की है। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह निगरानी मियाद बाहर होने एवं गुणावगुण पर भी सबल न होने से इसी स्तर पर खारिज की जावे। अपने तर्क के समर्थन में उन्होंने 1980 RRD 228 (L.B.) का न्यायिक दृष्टांत उद्धृत किया।

बहस पर मनन किया। पत्रावली एवं उपरोक्त उद्धृत न्यायिक दृष्टांतों का अवलोकन किया। सर्वप्रथम धारा 5 मियाद अधिनियम के प्रार्थना पत्र पर विचार किया गया। प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों के मद्धेनजर धारा 5 मियाद अधिनियम का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर निगरानी को अन्दर मियाद शुमार किया जाता है। तत्पश्चात प्रकरण के गुणावगुण को देखा गया।

प्रार्थी का मुख्य रूप से यह कथन रहा है कि काफी प्रयास करने के उपरान्त भी प्रार्थी आवंटन आदेश की सत्य प्रतिलिपि प्राप्त नहीं कर पाया है। ऐसी स्थिति में अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय को केवल तकनीकी आधार पर अपील को खारिज नहीं करना चाहिए। हमने प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा उद्धृत न्यायिक दृष्टांतों का अवलोकन किया जिनमें निम्नानुसार मत प्रतिपादित किया गया है–

2004 RBJ 77-

"Revenue Courts Manual (Part II) Rules 30- When on the basis of application for dispensing with filing of certified copy of the order of lower court, appellate court admitted the appeal and issued notice to the opposite party for hearing- Appeal cannot be dismissed due to non filing of certified copy of the order of lower court alongwith the appeal."

1997 RBJ 275-

"Rajasthan Revenue Courts Manual Part II Rules 30- When certified copy of order of court of first instance not filled but appeal is admitted and stay granted- As such copy presumed to be dispensed with implicitly. When certified copy of the order of court of Ist instance not filed. But since revision was registered and admitted and stay granted, as such copy presumed to be dispensed with implicitly under the rules. In the present case Additional Divisional Commissioner admitted the appeal and passed the stay order and therefore, this technical objection has no weight and it is hereby rejected."

2003 RBJ 184-

"Rajasthan Revenue Courts Manual 1956 - Part-I- Rule 17 and Rajasthan Revenue Courts Manual (Part-II)- Rule 30- Filing of copy of the court of first instance is directory and not Mandatory- When appeal is directed against the order of appellate Order- or decree"

2015 (2) RRT 1100-

"Rajasthan Tenancy Act,, 1955- Secs. 88 & 188- Suit for declaring khatedari tenant & permanent injunction was decreed- RAA affirmed the judgment & decree- Provisions of special law will override the general law- Provisions of C.P.C. would not be applicable- No order given to file the copy of the decree- Appellant cannot be punished for non-compliance of the provision by the Court- Held, Judgments are set aside & cases remanded to RAA to decide on merits."

अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय की आदेशिका के अवलोकन से यह तथ्य प्रकट होता है कि उपखण्ड अधिकारी खाजूवाला के आवंटन आदेश दिनांक 28–1–2008 के विरूद्ध प्रार्थी/अपीलांट द्वारा राजस्व अपील प्राधिकारी बीकानेर के समक्ष अपील पेश करने पर दिनांक 16–4–2008 को अपील दर्ज रजिस्टर किये जाने के साथ–साथ अपीलकृत आदेश की प्रमाणित प्रति पेश किये जाने के आदेश भी दिये गये थे। तत्पश्चात लगभग हर पेशी पर अपीलाधीन आदेश की प्रमाणित प्रति पेश के आदेश दिये गये। तदुपरान्त भी प्रार्थी द्वारा

आदेश की प्रमाणित प्रति पेश नहीं किये जाने से अप्रार्थी ने दिनांक 26-5-2010 को प्रार्थना पत्र पेश कर अपील खारिज करने का निवेदन किया। जिस पर दिनांक 3-6-2010 को उभय पक्ष की बहस सुनी जाकर आक्षेपित आदेश दिनांक 10-6-2010 द्वारा प्रार्थी की अपील को खारिज कर दिया गया। अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने अपने आदेश में माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय 1981 RRD 351 के दृष्टांत का हवाला देते हुए यह अंकित किया है कि- ''अभिभाषक अपीलांट ने 1981 आर.आर.डी. पेज 351 की नजीर पेश की है। जो रिवीजन के प्रकरण की है। रेवेन्यू कोर्ट्स मेन्यूवल पार्ट ।। के नियम 30 के अनुसार अपीलाधीन आदेश की प्रमाणित प्रति अपील के साथ पेश करना मेंडेटरी है।''

हमारी राय में अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय की यह फाइण्डिंग कानून के अनुसार उचित है। माननीय उच्च न्यायालय ने 1981 RRD 351 में मण्डल की माननीय वृहद पीठ के निर्णय 1980 RRD 228 के संबंध में कोई व्याख्या नहीं की है तथा जिसकी व्याख्या न्यायिक दृष्टान्तों में अलग-अलग की गई है एवं Same analogy मानकर निर्णय पारित किये गये हैं जबकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा केवल नियम 17 के बारे में व्याख्या की है, न कि नियम 30 के बारे में। जबकि 1980 RRD 228 के बारे में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कोई विवेचन नहीं किया गया है। फिर भी 2015 RRT 1100 में मण्डल द्वारा जो निर्णय दिया गया है उसमें माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय डीबी स्पेशल अपील सं. 788/2000 दिनांक 30-7-2009 का हवाला देते हुए यह कहा गया है कि अपील के साथ प्रमाणित प्रति प्रस्तुत नहीं करना कोई फैटल नहीं है। इसलिए अपील का गुणावगुण पर निर्णय करना चाहिए। इस संबंध में 1981 RRD 351 अवलोकनीय है जिसमें माननीय उच्च न्यायालय ने यह मत प्रतिपादित किया है कि-

"11. In view of the conclusion, to which, we have arrived at, we refrain from expressing any opinion regarding correctness of the decisions reported in Smt. Gyan Kumari's case and Bhorulal V/s. Danmal (1980 RRD 228 L.B.)"

उपरोक्त न्यायिक दृष्टांतों के परिपेक्ष्य में हमारी सुविचारित राय यह है कि चूंकि 1980 RRD 228 का निर्णय आज भी अस्तित्व में है लेकिन फिर भी हम न्यायहित में प्रार्थी को अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय के समक्ष अपीलाधीन आदेश की प्रमाणित प्रति दो माह में प्रस्तुत करने हेतु सशर्त अंतिम अवसर प्रदान करना न्यायोचित समझते हैं।

अतः प्रार्थी द्वारा अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय के समक्ष अपीलाधीन आदेश की प्रमाणित प्रति इस न्यायालय के निर्णय के दो माह के अन्दर प्रस्तुत करने की शर्त पर यह निगरानी आंशिक रूप से स्वीकार की जाकर राजस्व अपील प्राधिकारी बीकानेर का निर्णय दिनांक 10–6–2010 निरस्त किया जाता है तथा प्रकरण राजस्व अपील प्राधिकारी बीकानेर को प्रतिप्रेषित किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा अपीलाधीन आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने के उपरान्त पक्षकारान को सुनकर अपील का गुणावगुण पर निस्तारण करें। यदि प्रार्थी उक्त दो माह की समयावधि में अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय के समक्ष अपीलाधीन आदेश की प्रमाणित प्रति पेश करने में असफल रहता है तो अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय द्वारा पारित निगरानीधीन निर्णय दिनांक 10–6–2010 स्वतः प्रभाव में आ जायेगा। तहत का अभिलेख अविलम्ब लौटाया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय सुनाया गया।

(सुरेन्द्र कुमार पुरोहित)

सदस्य

***

न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर (W.R.)

अपील डिक्री/टीए/7674/2018/जयपुर

मंगलीदेवी पत्नी बंशीधर जाति जाट निवासी घटवाड़ा तहसील आमेर जिला जयपुर।

.....अपीलान्ट

बनाम

बिरदूराम पुत्र नानगा

....रेस्पोन्डेन्ट्स

खण्ड पीठ (मु. जयपुर)

डॉ आर. वेंकटेश्वरन, अध्यक्ष

श्री महेन्द्र कुमार पारख, सदस्य

उपस्थितः-

श्री एस.एस. खंडेलवाल, अभिभाषक अपीलान्टब की ओर से।

श्री सुरेश कुमार चाहर, अभिभाषक रेस्पोन्डेन्ट्स की ओर से।

दिनांकः10-3-2021

निर्णय यह अपील धारा 224 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी, जयपुर द्वारा अपील संख्या 355/2018 में पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 13-08-2018 के विरूद्ध प्रस्तुत हुई है जिससे विचारण न्यायालय उपखण्ड अधिकारी आमेर मु. जयपुर द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 13-11-2017 को बहाल रखा गया।

2- प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार से है कि रेस्पोन्डेन्ट संख्या 1 व 2 ने अपीलार्थी व रेस्पोन्डेन्ट्स संख्या 3 लगायत 13 व रेस्पोन्डेन्ट्स संख्या 14 लगायत 17 के पूर्वज घासी व रेस्पोन्डेन्ट संख्या 18 लगायत 21 के विरूद्ध एक वाद बाबत विभाजन व स्थाई

निषेधाज्ञा का इस आशय का पेश किया कि कृषि भूमि खसरा संख्या 110/2, 113/1, 249/1, 1047/110, 110/1, 113, 464/982, 110, 249, 787/1183, 876, 883 लगायत 886, 946/1015, 853/1191 कुल किता 17 वाके ग्राम घटवाड़ा तहसील आमेर जिला जयपुर में स्थित है। उक्त वाद में विचारण न्यायालय द्वारा अपीलान्ट व दीगर रेस्पोन्डेन्ट्स की तामिली चस्पांदगी से मानते हुए उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। राजस्व केम्प बिलोंची में दिनांक 05–6–2015 को अपीलान्ट को केम्प कोर्ट का नोटिस दिये बिना अपीलान्ट की अनुपस्थिति में विचारण न्यायालय ने वाद में दिनांक 05–6–2015 को प्रारम्भिक डिक्री तत्पश्चात दिनांक 13–11–2017 को अंतिम डिक्री पारित कर दी। उक्त निर्णय व डिक्री के विरूद्ध अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय के समक्ष दो अपीलें प्रस्तुत की गई जिन्हैं अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने आक्षेपित निर्णय दिनांक 13–8–2018 से खारिज कर दी जिससे व्यथित होकर यह द्वितीय अपील मण्डल के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

3– हमने पक्षकारान के विद्वान अभिभाषकगण की बहस सुनी एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

4– विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट्स ने अपील मीमो में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि विचारण न्यायालय द्वारा वाद में जारी नोटिस अपीलान्ट को नहीं मिले उसके पश्चात भी उनके द्वारा अपीलान्ट के विरूद्ध निर्णय पारित किया गया है जिसे बहाल रखे जाने में अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने त्रुटि कारित की है। उनका यह भी कथन है कि केम्प कोर्ट बिलोंची के भी नोटिस अपीलान्ट एवं दीगर रेस्पोंडेंट्स को नहीं मिले ओर रामलाल रेस्पोन्डेन्ट संख्या 8 की उपस्थिति/सहमति को अपीलान्ट सहित दीगर रेस्पोन्डेन्ट्स की सहमति मानकर निर्णय व प्राथमिक डिक्री जारी के आधार पर प्राप्त एकतरफा कुर्रेजात रिपोर्ट को आधार बनाकर विचारण न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 13–11–2017 को बहाल रखे जाने में प्रथम अपीलीय न्यायालय ने त्रुटि कारित की है। वकील अपीलान्ट का यह भी कथन है कि रेस्पोन्डेन्ट संख्या 1 पतासी की तामिली घटवाड़ा में चस्पांदगी से मान ली गई है जबकि पतासीदेवी घटवाड़ा में नहीं रह कर साहिबरामपुरा में रहती है। केम्प कोर्ट बिलोंची के नोटिस भी रेस्पोन्डेन्ट संख्या 11 पर तामिल नहीं हुए है।

उनका यह भी कथन है कि विचारण न्यायालय द्वारा आनन फानन में एक पक्षीय कुर्रेजात रिपोर्ट के आधार पर निर्णय व अंतिम डिक्री जारी की गई है जो विधि विरूद्ध है। वकील अपीलान्ट का यह भी कथन है कि प्रतिवादी संख्या घासी का निधन वर्ष 2015 में हो चुका था ओर विचारण न्यायालय द्वारा मृतक के विरूद्ध डिक्री पारित की गई है जो निरस्तनीय है। वकील अपीलान्ट का यह भी तर्क है कि अंतिम डिक्री में समस्त खातेदारान के खाते अलग कर लगान कायम करना चाहिए था जो नहीं किया गया है। वादीगण के पक्ष में आवासीय एवं चाही प्रथम भूमि विभाजन में दी गई है जबकि अपीलांट एवं अन्य प्रत्यर्थीगण को गे. मु. नले के पास की भूमि विभाजन में दी गई है जो विभाजन के लिए स्थापित नियम कि अच्छी में अच्छी तथा बुरी में बुरी सभी भूमियों में सहखातेदारों को हिस्से अनुसार भूमि मिलनी चाहिये के विपरीत है। उनका यह भी तर्क है कि विभाजन के लिए तैयार की गई कुर्रेजात रिपोर्ट पर केवल वादीगण के हस्ताक्षर है शेष किसी भी प्रतिवादी की उपस्थिति में यह तैयार नहीं की गई हैं कुर्रेजात रिपोर्ट पर तहसीलदार ने केवल प्रतिहस्ताक्षर किये है अर्थात उनकी उपस्थिति एवं सभी पक्षकरों की उपस्थिति में कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार नहीं की गई है अतः स्पष्ट्तः नियम 18 से 21 की पालना नहीं की गई 4 है। अंत में वकील अपीलान्ट ने उक्त गंभीर अनियमितताओं के आधार पर जारी अंतिम डिक्री दिनांक 13-11-2017 निरस्त योग्य होने से अपील स्वीकार कर अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा पारित निर्णय निरस्त किये जाने का निवेदन किया।

5- वकील रेस्पोन्डेन्ट्स ने प्रत्युत्तर में कथन किया कि अपीलार्थी व रेस्पोडेन्ट्स की उचित तामील हुई है। जारी किये गये नोटिस पर दो गवाहों के समक्ष चस्पांदगी से तामिल करवाई गई है। अपीलार्थी को कैम्प कोर्ट बिलोंची के नोटिस भी जारी किये गये हैं तथा जारी नोटिस अपीलान्ट द्वारा स्वयं प्राप्त किये गये हैं। विचारण न्यायालय के समक्ष अपीलान्ट के अधिवक्ता उपस्थित हुए है तथा विचारण न्यायालय द्वारा उभय पक्ष के अधिवक्ताओं को सुनकर ही गुणावगुण आधार पर निर्णय पारित किया गया है। उनका यह भी कथन है कि अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय के समक्ष अपील विलम्ब से प्रस्तुत की गई थी जिसका यथोचित कारण भी अंकित नहीं किया गया था। अतः अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत यह द्वितीय अपील खारिज फरमाई जावे।

6– हमने पक्षकारान के विद्वान अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया।

7– पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि विचारण न्यायालय उपखण्ड अधिकारी आमेर के समक्ष वाद बाबत विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा का दिनांक 27–2–2013 को संस्थित किया गया। दिनांक 21–3–2013 की आदेशिका में प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 15 की तामीली जरिये चस्पांदगी का अंकन किया गया है जिसमें सभी नोटिस समान दो गवाहों की उपस्थिति में चस्पांदगी संदेहजनक तामीली है यही कारण है कि जब कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार की गई उस समय वादीगण के अतिरिक्त कोई भी अन्य पक्षकार उपस्थित नहीं थे विभाजन प्रस्ताव पर तहसीलदार ने भी प्रतिहस्ताक्षर किये हैं अर्थात कुर्रेजात रिपोर्ट उनकी उपस्थिति में तैयार नहीं हुई है। विभाजन के प्रकरणों में यथासंभव सभी पक्षकारों की उपस्थिति में स्वयं तहसीलदार के द्वारा विभाजन प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिये। कुर्रेजात रिपोर्ट पर बहस के समय भी समस्त पक्षकारों की ओर से अधिवक्ता उपस्थित नहीं है यह भी विभाजन प्रस्ताव के अवलोकन से जाहिर है कि भूमि के विभाजन में अपीलांट के आक्षेप अनुसार आवासीय एवं चाही प्रथम भूमि वादी गण के पक्ष में करने तथा अपीलांट्स एवं अन्य प्रत्यर्थीगण के पक्ष में गै. मु. नले की सम्पूर्ण भूमि देने से असंतुलित विभाजन किया गया हैं अतः हमारी सुविचारित राय में विचारण न्यायालय के समक्ष विभाजन बाबत वाद में समस्त पक्षकारान को साक्ष्य व सुनवाई का 5 समुचित अवसर प्रदान किये बिना एवं एकपक्षीय कुर्रेजात रिपोर्ट के आधार पर पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 13–11–2017 त्रुटिपूर्ण है अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय द्वारा भी प्रतिवादीगण की तामीली उचित माने जाने में एवं एकपक्षीय विभाजन प्रस्ताव के आधार पर पारित उक्त अपीलाधीन निर्णय को सही मानने में विधिक त्रुटि कारित की है तथा अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा पारित निर्णय विधिक निर्णय की परिभाषा में नहीं आने से निरस्त किये जाने योग्य है।

8– परिणामस्वरूप अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत यह द्वितीय अपील आंशिक रूप से स्वीकार की जाकर अधीनस्थ न्यायालयों राजस्व अपील अधिकारी जयपुर एवं उपखण्ड अधिकारी आमेर द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री क्रमशः दिनांक 13–8–2018 व 13–11–2017 निरस्त किये जाते हैं तथा प्रकरण विचारण न्यायालय उपखण्ड अधिकारी आमेर को

प्रतिप्रेषित कर निर्देश दिये जाते हैं कि नियम 18 से 21 राजस्थान काश्तकारी (राजस्व मण्डल) नियम 1955 की पालना करते हुए पुनः विभाजन प्रस्ताव सभी पक्षकारों की उपस्थिति में तैयार करवायें तथा प्रकरण में दोनों पक्षों को समुचित साक्ष्य व सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए पुनः निर्णय पारित करे। अधीनस्थ न्यायालयों का अभिलेख लौटाया जावे उभय पक्ष दिनांक 15 अप्रेल 2021 को विचारण न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहे निर्णय सुनाया गया।

(महेन्द्र कुमार पारख)
सदस्य

(डॉ. आर. वेंकटेश्वरन)
अध्यक्ष

न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर (W.R.)

अपील डिक्री/टी.ए./6408/2011/चित्तौड़गढ़

भूरीबाई पत्नी लक्ष्मीनारायण जाति ब्राह्मण निवासी मण्डावरी
तहसील बेगूं जिला चित्तौड़गढ़

....अपीलांट

बनाम

1. शंभूलाल पुत्र ऊंकार जाति ब्राह्मण व अन्य,
सभी निवासी मण्डावरी, तहसील बेगूं, जिला चित्तौड़गढ़

.....रेस्पोडेन्ट्स

खण्ड पीठ

श्री पंकज नरूका, सदस्य

श्री सुरेन्द्र कुमार पुरोहित, सदस्य

उपस्थित–
श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, अभिभाषक अपीलांट
श्री रोहित सोनी, अभिभाषक रेस्पोडेन्ट

दिनांक : 23/03/21

निर्णय

यह अपील राजस्व अपील प्राधिकारी चित्तौड़गढ़ द्वारा अपील संख्या 50/2006 में पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 27–6–2011 के विरूद्ध धारा 224 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत प्रस्तुत की गई है।

2. संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि रेस्पो.सं.1 लगायत 3 के पिता ऊंकारलाल एवं रेस्पो.सं.2 कन्हैयालाल ने एक वाद उपखण्ड अधिकारी बेगूं के न्यायालय में

धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत ग्राम मण्डावरी तहसील बेगूं स्थित वादग्रस्त आराजी खसरा नंबर 831, 832 बाबत प्रस्तुत किया। उपखण्ड अधिकारी बेगूं ने अपने निर्णय व डिक्री दिनांक 18–2–2006 द्वारा वादीगण का वाद स्वीकार कर लिया। जिसके विरूद्ध अपीलांट ने राजस्व अपील प्राधिकारी चित्तौड़गढ़ के समक्ष अपील पेश की जो निर्णय व डिक्री दिनांक 27–6–2011 द्वारा खारिज कर दी गई। जिससे व्यथित होकर अपीलांट द्वारा यह द्वितीय अपील पेश की गई है।

3. उभय पक्ष की बहस सुनी गई।

4. विद्वान अधिवक्ता अपीलांट का बहस में कथन है कि विचारण न्यायालय के समक्ष वादीगण/रेस्पोडेन्ट ने अपने वाद पत्र में यह कथन किया कि वादग्रस्त आराजी हीरालाल व रामेश्वरलाल पुत्र कजोडीमल की खातेदारी की थी एवं उसमें से एक विशेष भू–भाग को वादीगण ने क्रय करना बताया जबकि कानूनन सहखातेदार किसी विशेष भू–भाग का बेचान नहीं कर सकता है। वादीगण ने अपने वाद पत्र में खसरा नंबर 831, जिसका कि विशेष भू–भाग उन्होंने क्रय करना बताया है तथा वाद पत्र में यह भी अंकित किया कि सहवन से खसरा नंबर 832 के स्थान पर विक्रय पत्र में खसरा नंबर 831 अंकित हो गया है जिसे 832 ही माना जावे। अर्थात वादीगण ने एक तरह से विक्रय पत्र में भी संशोधन चाहा। विचारण न्यायालय ने कानून से परे जाकर यह मानते हुए कि खसरा नंबर 832 का ही बेचान वादीगण के हक में हुआ है, वादीगण का वाद डिक्री कर दिया। जबकि विधि का यह सुस्थापित सिद्धांत है कि किसी विक्रय पत्र में किसी भी प्रकार का संशोधन विधि अनुसार ही किया जा सकता है। राजस्व न्यायालय को विक्रय पत्र में संशोधन करने का अथवा उसमें अंकित खसरा नंबर के अलावा अन्य खसरा नंबर का बेचान मानकर निर्णय पारित करने का कतई अधिकार नही है। अपीलांट/प्रतिवादी ने खसरा नंबर 980, 981, 982, 983 का संपूर्ण रकबा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 15–5–86 द्वारा खातेदार से क्रय किया है जिसे शून्य घोषित करने का अधिकार राजस्व न्यायालय को नहीं है। इसके बावजूद विचारण न्यायालय ने बिना किसी आधार के अपीलांट के हक में किये गये बेचान को 11 बिस्वा तक शून्य मानकर कानूनी भूल की है। उनका यह भी तर्क है कि वादग्रस्त आराजी पर वादीगण का कभी कब्जा काश्त नहीं रहा एवं यह न्याय का सुस्थापित सिद्धांत है कि बिना कब्जे के, घोषणा का वाद चलने योग्य नहीं है। इस संदर्भ में अपीलांट द्वारा प्रथम अपीलीय न्यायालय

के समक्ष आदेश 41 नियम 27 सीपीसी के तहत दस्तावेज भी प्रस्तुत किये थे। साथ ही वादीगण ने अपने वाद पत्र में राज्य सरकार को भी पक्षकार नहीं बनाया है जबकि राज्य सरकार को पक्षकार बनाया जाना आवश्यक है। किन्तु दोनों अधीनस्थ न्यायालयों ने उक्त बिन्दुओं पर कोई गौर न कर आक्षेपित निर्णय व डिक्री पारित करने में गंभीर विधिक त्रुटि की है। अतः अपील स्वीकार की जाकर दोनों अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा पारित निर्णय व डिक्री को निरस्त किया जावे तथा वादीगण का वाद निरस्त फरमाया जावे। अपने पक्ष के समर्थन में उन्होंने 2008 DNJ(SC) 325, 2020 (1)RRT 258 के न्यायिक दृष्टांत उद्धृत किये।

5. विद्वान अधिवक्ता रेस्पोडेन्ट ने बहस में कथन किया कि खातेदार हीरालाल ने अपने हिस्से की आराजी खसरा नंबर 832 में से 11 बिस्वा भूमि वादीगण को दिनांक 17-6-69 को विक्रय कर दिनांक 26-6-69 को रजिस्ट्री करा कर कब्जा सुपुर्द कर दिया। उक्त विक्रय दिनांक से वादीगण उक्त विक्रय किये गये हिस्से पर काबिज होकर उपयोग, उपभोग कर रहे हैं। किन्तु विक्रय पत्र में गलती से खसरा नंबर 831 लिख दिया गया जबकि खसरा नंबर 832 में से 11 बिस्वा पड़ौसों के मध्य की विक्रय की थी। सेटलमेन्ट के पश्चात उक्त आराजीयात के नए नंबर 980, 981, 982 व 983 बने हैं। क्रयशुदा रकबा नवीन आराजी खसरा नंबर 982 में रहा जो पुराने खसरा नंबर 832 का ही है। हीरालाल के देहान्त हो जाने के पश्चात उक्त भूमि हीरालाल के बजाय उसके पुत्र भवानीशंकर के नाम दर्ज हो गई। भवानीशंकर ने दिनांक 15-5-86 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से पूरा रकबा प्रतिवादी संख्या 1 को विक्रय कर दिया जो उसके नाम दर्ज हो गई। पूर्व के बिकाव का नामान्तरकरण नहीं खुला था। पूर्व विक्रय पत्र में आराजी नम्बर गलत अंकित हो गए परन्तु पड़ौस वही है जिस पर वादीगण काबिज है। यदि सर्वे नम्बर में गलती हो तो पड़ौस को महत्वपूर्ण माना जायेगा तथा विक्रय पत्र में विक्रय शुदा भूमि का पड़ौस अंकित होने से घोषणा के वाद में पड़ौस के विवरण को अहमियत दी जाकर बिना खसरा नंबर शुद्धि कराए घोषणा की जा सकती है। उपरोक्त समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी एवं मौखिक साक्ष्य को विस्तृत रूप से विवेचित करते हुए विचारण न्यायालय ने वादीगण के वाद को सही रूप से डिक्री किया है। अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने भी विचारण न्यायालय के निर्णय से सहमति दर्शाते हुए समवर्ती निष्कर्ष अंकित किये हैं, जो विधिसम्मत हैं। दोनों

अधीनस्थ न्यायालयो द्वारा पारित निर्णय समवर्ती हैं जिनमें द्वितीय अपील के माध्यम से हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए। अतः अपील अपीलांट सारहीन होने से खारिज की जावे। अपने पक्ष के समर्थन में उन्होंने AIR 1986 Kerala 236, AIR 1987 Kerala 84, 2002 (1) RRT 111, AIR 1986 MP 39, 1992 RRD 651, 2007 RBJ 35, 1978 RRD 219, AIR 1976 SC 807, 2002 (2) RLW (Rajasthan High Court) 983 के न्यायिक दृष्टांत उद्धृत किये।

6. बहस पर मनन किया। पत्रावली एवं उद्धृत न्यायिक दृष्टांतों का अवलोकन किया।

7. विचारण न्यायालय ने दावा व जवाब दावा के आधार पर प्रकरण में 6 तनकियात कायम की एवं पक्षकारान की दस्तावेजी व मौखिक साक्ष्य दर्ज कर तथा उभय पक्ष को सुनकर वादीगण का वाद डिक्री किया है। पक्षकारान के मध्य इस बाबत कोई विवाद नहीं है कि साबिक आराजी खसरा नंबर 832 के हाल नंबर 982 व आराजी नंबर 831 के हाल नंबर 981 बने हैं, तथा आराजी खसरा नंबर 981 व 982 हीरालाल व रामेश्वरलाल पिता कजोड़ीमल की संयुक्त खातेदारी की आराजी थी। पक्षकारान के मध्य मुख्य विवाद आराजी खसरा नंबर 832 रकबा 11 बिस्वा के विक्रय बाबत है। रेस्पो0/वादीगण का यह कथन रहा है कि खातेदार हीरालाल ने अपने हिस्से की आराजी खसरा नंबर 832 में से 11 बिस्वा भूमि वादीगण को दिनांक 17-6-69 को विक्रय कर दिनांक 26-6-69 को रजिस्ट्री करा कर कब्जा सुपुर्द कर दिया। उक्त विक्रय दिनांक से वादीगण उक्त विक्रय किये गये हिस्से पर काबिज होकर उपयोग उपभोग कर रहे हैं। किन्तु विक्रय पत्र में गलती से खसरा नंबर 831 लिख दिया गया, जबकि खसरा नंबर 832 में से 11 बिस्वा पडोसों के मध्य की विक्रय की थी। सेटलमेन्ट के पश्चात उक्त आराजीयात के नए नंबर 980, 981, 982 व 983 बने हैं। क्रयशुदा रकबा नवीन आराजी खसरा नंबर 982 में रहा जो पुराने खसरा नंबर 832 का ही भाग है। इसके विपरीत अपीलांट/प्रतिवादी का यह तर्क है कि बेचान में आराजी नंबर 832 रकबा 11 बिस्वा बताया किन्तु उक्त पड़ौसों के बीच में आराजी नंबर 832 नहीं आती है। अपीलांट/प्रतिवादी द्वारा उक्त आराजीयात को खरीदने की जानकारी वादीगण को थी परन्तु रजिस्ट्री के समय वादीगण ने इस बाबत कोई ऐतराज नहीं किया। दावे में जो पड़ौस अंकित किये हैं वो अपीलांट/प्रतिवादी की खातेदारी का हिस्सा होकर मवेशी बांधने व चारा डालने एवं कृषि उपकरण रखने के उपयोग में आता है। जिसका उपयोग वक्त

खरीद से अपीलांट/प्रतिवादी करती चली आ रही है। इस संबंध में विचारण न्यायालय ने तनकी संख्या 3 इस आशय की कायम की कि ''आया वाद पत्र की कलम सं02 में वर्णित पड़ौसों के बीच का रकबा वादीगण ने खरीदा जो आ0नं0 832 का हिस्सा है परन्तु रजिस्ट्री में सहवन से 831 दर्ज कर दिया जिसे वादी दुरूस्त कराने का अधिकारी है।'' इस तनकी को साबित करने का भार वादीगण पर था। विचारण न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य को विस्तृत रूप से विवेचित एवं विश्लेषित करते हुए तनकी संख्या 3 को निर्णित करते हुए यह अंकित किया कि– ''प्रदर्श–1 बहनामा दि0 26/6/69 में अंकित पड़ौसों की PW-1 कन्हैयालाल, PW-2 श्री बंशीलाल ब्राह्मण, PW-3 श्री नंदकिशोर ब्राह्मण दस्तावेज लेखक, के बयानों से पुष्टि होती है। प्रतिवादीया ने उक्त पडौसों के बीच की भूमि स्वयं के कब्जे में हो व मौके पर बाड़ा होने की बात स्पष्ट नहीं की व अनभिज्ञता जाहिर की जबकि जिरह में यह स्वीकार करती है कि बाड़े वाली जमीन के फाटक लगी है और गोपाल लाल जी के कब्जे में है। इसकी पुष्टि गवाह PW-2 श्री मिठूलाल पिता ऊंकार धाकड भी करता है। जिरह में यह भी स्वीकार करता है कि विवादित बाड़े के उत्तर में मोहन लाल जी का बाड़ा है तथा पूर्व में मण्डावरी से नन्दवाई जाने का रास्ता है इस प्रकार बहनामा, नक्शा में दर्शाई आ0नं0 832 के पड़ौस उक्तानुसार सिद्ध होते हैं। यहाँ तक कि श्री मिठूलाल ने जिरह में स्वयं का पेश किया शपथ पत्र दि0 3/10/05 की A व B इबारत गलत होना बताया है इस प्रकार भूरीबाई ने स्वयं के अलावा अन्य कोई गवाह पेश नहीं किया जो उक्त पडौसों के बीच की आ0न0 932 होना गलत सिद्ध करते हों स्वयं भूरीबाई ने भी उक्त पडौसों को गलत नहीं बताया है। रजिस्ट्री में आ0न0 832 के बजाय 831 दर्ज कर दिए जो गलत है ऐसी स्थिति में पडौस को ध्यान में रखते हुए वाद का निस्तारण किया जाना चाहिये इसके लिए 1986 AIR केरला पेज 236, 1987 AIR केरला पेज 84 में व 2002 (1)RRT पेज 111 अमरजी बनाम श्रीमती लिली में भी स्पष्ट किया कि जब सर्वे नम्बर गलत दर्ज हो गए हों तो ऐसे में पड़ौस व हस्तान्तरित की जाने वाली भूमि को पहचान स्वरूप नाम दिया हो तो उन्हें आधार मानकर निर्णय किया जाना उचित होगा और इस प्रकरण में यही विवाद है कि आ0न0 832 के स्थान पर 831 लिख दिए जबकि पड़ौसों के आधार पर 832 हाल नम्बर 982 का हस्तान्तरण सिद्ध होता है। इस प्रकार वादी दुरूस्त कराने का अधिकारी होने से उक्त तनकी भी वादीगण के पक्ष में निर्णीत की जाती है।''

8. इस संबंध में रेस्पो0 के अधिवक्ता की ओर से उद्धृत न्यायिक दृष्टांत 2002(1)RRT 111 अवलोकनीय है, जिसमें मण्डल की माननीय खण्ड पीठ ने निम्नानुसार मत प्रतिपादित किया है–

"Rajasthan Tenancy Act, 1955- Sec. 88- The appellants has filed suit under Section 88 & 188, Rajasthan Tenancy Act before S.D.O. Sagwara who decreed the suit but in first appeal Settlement Officer cum R.A.A. Dungarpur accepted appeal and set aside the judgment and decree of trial Court- Hence this second appeal- It was held that Mst. Keshar was khatedar of araji no. 1314 area 13 biswas who executed gift deed in favour of plaintiff appellants- But due to mistake khasra no. 2145 was mentioned- In the gift deed the name of field limdawala has been mentioned which is mentioned in all records- The name of the village has also been mentioned in gift deed, area of khasra has also mentioned 13 biswas- Therefore all facts proves that the gift deed was executed for khasra no. 1314 and not of khasra no. 2145, though the gift deed khasra no. 2145 is mentioned- If there is conflict between the area then boundary will be prevail as held in AIR 1934 (Kal.) 851- Hence the appeal was accepted and judgment of first appellate Court was set aside and judgment of trial Court was upheld."

9. विद्वान अधिवक्ता अपीलांट का यह भी तर्क रहा है कि अपीलांट/ प्रतिवादी ने खसरा नंबर 980, 981, 982, 983 का संपूर्ण रकबा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 15–5–86 द्वारा खातेदार से क्रय किया है, जिसे शून्य घोषित करने का अधिकार राजस्व न्यायालय को नहीं है। इसके बावजूद विचारण न्यायालय ने बिना किसी आधार के अपीलांट के हक में किये गये बेचान को 11 बिस्वा तक शून्य मानकर कानूनी भूल की है। इस संबंध में विचारण न्यायालय ने तनकी संख्या 4 इस आशय की कायम की कि ''आया साबिक आ0नं0 832 के हाल नम्बर 982 बने हैं जिसे प्रतिवादी सं0 2 व 3 ने भूरीबाई को जरिये रजिस्ट्री विक्रय कर दी जो गलत होकर अवैध है।'' इस तनकी को सिद्ध करने का भार वादीगण पर था। विचारण न्यायालय ने तनकी संख्या 4 को निर्णीत करते हुए यह निष्कर्ष अंकित किया कि – ''प्रदर्श–1 में अंकित पड़ौसों के आधार पर व तनकी सं0 3 में किए निर्णय के अनुसार वादीगण को साबिक आ0नं0 832 हाल नम्बर 982 का 11 बिस्वा रकबा हस्तान्तरण किया जाना सिद्ध होता है। विक्रेता हीरालाल के फौत हो जाने पर यह आराजी पुत्र भवानीशंकर के नाम दर्ज हो गई जिसे पुनः प्रतिवादीया भूरीबाई को प्रदर्श–4 से हस्तान्तरित

किया जाना भी सिद्ध होता है। परन्तु प्रदर्श–1 व प्रदर्श–4 दोनों बहनामें पंजीबद्ध है परन्तु प्रदर्श–1 दि0 26/6/69 का है व प्रदर्श–4 दि0 4/6/86 का है ऐसी स्थिति में पूर्व का दस्तावेज प्रभावी होगा व बाद का दस्तावेज शून्य माना है जैसा कि 1992 RRD पेज 651, 2005 (2) RRD पेज 117 में यह व्यवस्था दी है। इस आधार पर वादीगण को दि026/6/69 को किया गया 11 बिस्वा रकबा आ0नं0 982 तक के लिए पश्चातवर्ती रजिस्ट्री शून्य है। प्रदर्श–1 में अंकित पड़ौसों के मध्य का रकबा 11 बिस्वा को प्रतिवादी सं02 व 3 के द्वारा पुनः प्रतिवादीया भूरीबाई को विक्रय किया, वह अवैध है जिससे उक्त तनकी का निर्णय भी वादीगण के पक्ष में किया जाता है।''

10. इस संदर्भ में रेस्पो0 के अधिवक्ता द्वारा उद्धृत न्यायिक दृष्टांत 1992 RRD 651 में मण्डल की माननीय खण्ड पीठ ने निम्नानुसार मत प्रतिपादित किया है–

"Transfer of Property Act, Section 8- In a case in which a person has legally acquired khatedari rights by virtue of a registered sale deed executed in his favour prior to the execution of a subsequent registered sale deed in favour of another person, then despite the fact that entries in the record of rights have been made in favour of the subsequent purchaser the former purchaser is entitled to the relief of being declared as lawful khatedar of the land- The subsequent purchaser acquires no rights or title in the land- 1979 RRD, 1 followed."

इसके अनुसार खातेदार द्वारा एक बार अपने स्वत्व व अधिकारों का विक्रय रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा कर दिये जाने के पश्चात खातेदार को आराजीयात में कोई स्वत्व व अधिकार नहीं रहता है, जिससे कि वह अन्य को आराजी विक्रय कर सके तथा पश्चातवर्ती विक्रय के आधार पर क्रेता को कोई स्वत्व व अधिकार प्राप्त नहीं होते हैं चाहे उसके पक्ष में पश्चातवर्ती विक्रय के आधार पर नामान्तरकरण ही क्यों ना तस्दीक कर दिया गया हो। हस्तगत प्रकरण में खातेदार हीरालाल द्वारा साबिक आराजी खसरा नंबर 832 हाल नंबर 982 रकबा 11 बिस्वा का हस्तान्तरण जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26–6–69 वादीगण के पक्ष में किया गया है। तदुपरान्त विक्रेता हीरालाल के फौत हो जाने पर आराजी हीरालाल के पुत्र भवानीशंकर के नाम दर्ज हो जाने से उक्त आराजी पुनः अपीलांट/प्रतिवादी भूरीबाई को दिनांक 4–6–86 को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विक्रय कर दी गई तथा ऐसा पश्चातवर्ती विक्रय उपरोक्त न्यायिक दृष्टांत के परिपेक्ष्य में अवैध होकर शून्य है।

11. विचारण न्यायालय ने अन्य तनकियात का निर्णय भी पत्रावली उपलब्ध साक्ष्य का समग्र रूप से विवेचन एवं विश्लेषण करने के उपरांत वादीगण के पक्ष में करते हुए वादीगण का वाद डिक्री किया है। अधीनस्थ अपीलीय न्यायालय ने भी विचारण न्यायालय के निर्णय से सहमति दर्शाते हुए समवर्ती निर्णय पारित किया है, जो न्यायोचित है। हम दोनों अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री से पूर्णतया सहमत हैं एवं उनमें द्वितीय अपील के माध्यम से हस्तक्षेप किये जाने का कोई औचित्य नहीं पाते हैं। हमने अपीलांट के अधिवक्ता द्वारा उद्धृत न्यायिक दृष्टांतों का भी ससम्मान अवलोकन किया। हमारे विनम्र मत में तथ्यों की भिन्नता के कारण अपीलांट पक्ष की ओर से उद्धृत न्यायिक दृष्टांत हस्तगत प्रकरण पर चस्पा नहीं होते हैं।

12. अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट सारहीन होने से खारिज की जाती है तथा दोनों अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 27-6-2011 एवं 8-2-2006 यथावत रखे जाते हैं।

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सुरेन्द्र कुमार पुरोहित)
सदस्य

(पंकज नरूका)
सदस्य

(W.R.)

IN THE BOARD OF REVENUE FOR RAJASTHAN, AJMER

Revision No. 3307/2013/TA/Bhilwara :

Raghuram Singh S/o Shri Shiv Singh, by caste Rajput, R/o Karoi, Tehsil and District Bhilwara.

...Petitioner.

Versus

1. Hemkanwar W/o Shri Sangram Singh (Deceased), represented by :-
   1/1. Shakti Singh
   1/2. Sudarshan Singh sons of Shri Sangram Singh
   1/3. Natraj Singh & Others

... Non-Petitioners.

* * *

S.B.

Shri Ravi Dangi, Member

Present :

Shri Ajeet Singh Rathore : counsel for the petitioner.

Shri V.P. Singh : counsel for non-petitioner no.1/1.

* * *

Dated : 30th March, 2021

J U D G EM E N T

